●वर्ष : 16 ●अंक : 216 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शुक्रवार 29 नवम्बर 2024

# चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन

## इंडिया ब्लॉक के दिग्गज बने साक्षी



नूना न्यूज एजेंसी।

**रांची** के मोरहाबादी मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रांची में झारखंड के 14 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। हेमंत सोरेन चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं। हेमंत सोरेने के शपथ ग्रहण समारोह में उनके पिता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और उनकी मां रूपी सोरेन भी मंच पर मौजूद रहीं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी मंच पर मौजूद थे। विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने भाजपा के गमलियाल हेम्ब्रोम को 39 हजार 791 मतों के अंतर से हराकर बरहेट सीट बरकरार रखी थी। जबकि झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 56 सीटें हासिल कर शानदार जीत हासिल की, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 24 सीटें मिलीं। बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गठबंधन में सिर्फ 43 सीटों पर चुनाव लड़ा और 34 सीटें हासिल की थी।

### ›› राहुल गांधी और खरगे भी पहुंचे रांची

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य नेता झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे।

### ›› रांची पहुंचीं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रांची पहुंचीं।
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रांची पहुंचीं।

तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव मंच पर मौजूद
रांची (झारखंड): RJD नेता तेजस्वी यादव, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य नेता झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।
रांची (झारखंड): RJD नेता तेजस्वी यादव, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य नेता झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। रांची (झारखंड): कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य नेता झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे। (झारखंड): कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और अन्य नेता झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण।

### ›› पिता शिबू सोरेन से मिले हेमंत सोरेन

**रांची**: झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने शपथ ग्रहण समारोह से पहले खटट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के आवास पर पहुंचे।
**रांची**: झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने शपथ ग्रहण समारोह से पहले खटट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के आवास पर पहुंचे।

### ›› अपने आवास से रवाना हुए हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन

**रांची**: झारखंड के मनोनीत सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी और जेएमएम नेता कल्पना सोरेन अपने आवास से रवाना हुए। हेमंत सोरेन आज झारखंड के सीएम पद की शपथ लेंगे।
**रांची**: झारखंड के मनोनीत सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी और जेएमएम नेता कल्पना सोरेन अपने आवास से रवाना हुए।

## ज्वलंत मुद्दा

सम्पादकीय



### बांग्लादेश के हालात बता रहे हैं- 'एक हैं तो सेफ हैं' सिर्फ चुनावी नारा नहीं बल्कि दीघार्यु रहने का मंत्र है

बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार का राउंड टू चल रहा है जिसे दुनिया के बड़े-बड़े देश बड़े चाव से देख रहे हैं। हिंदुओं को जिस तरह मारा काटा जा रहा है उस पर संयुक्त राष्ट्र भी चुप है, संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार आयोग और दुनिया भर में काम करने वाले तमाम मानवाधिकार संगठन चुप हैं क्योंकि जिनको मारा जा रहा है, जिनको काटा जा रहा है, जिनके घर जलाये जा रहे हैं, जिनके यहां लूट की जा रही है, जिनकी बेटियों के साथ अत्याचार किये जा रहे हैं, वह सब हिंदू हैं। गाजा में एक भी मस्जिद पर हमला होता है तो पूरी दुनिया में मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक बड़ा बवाल खड़ा कर देने वाले बांग्लादेश में मंदिरों को आग के हवाले होते देख कर, देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित होता देख कर बड़े खुश हो रहे हैं और किसी की जुबान से उफ तक नहीं निकल रही। देखा जाये तो बांग्लादेश में शेख हसीना को पद से हटाने के बाद कट्टरपंथियों ने शासन करने के लिए जिन मोहम्मद यूनुस को चुना वह तो सबसे बड़े कट्टरपंथी निकले। मोहम्मद यूनुस की आंखों के सामने हिंदुओं का खून बह रहा है और वह कह रहे हैं कि यह हमारा आंतरिक मामला है। दुनिया के किसी भी हिस्से में जब किसी हमले में मुस्लिमों की मौत होती है तो पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन होते हैं और संयुक्त राष्ट्र भी आपात बैठकें बुला कर निंदा प्रस्ताव पास करने लगता है और शांति की अपील करने लगता है लेकिन ढाका और बांग्लादेश के अन्य इलाकों में हिंदुओं का खून बह रहा है तो इसे एक देश का आंतरिक मामला बताया जा रहा है। मोहम्मद यूनुस जिस तरह इतने खूनखराबे पर भी खामोश हैं और मुस्कुरा के सब कुछ देख रहे हैं उसके चलते उनका नोबेल शांति पुरस्कार छीना जाना चाहिए। शांति का नोबेल पुरस्कार किसी ऐसे व्यक्ति के पास हर्गिज नहीं रहना चाहिए जो नरसंहार को बढ़ावा दे रहा हो या उसे रोक पाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा हो। बांग्लादेश के हालात को देखते हुए तो ऐसा लगता है कि मोहम्मद यूनुस को लाया ही इसलिए गया था ताकि वह कट्टरपंथियों को मनमानी करने की आजादी दे सकें और इस्लामिक देश से उसी तरह हिंदुओं का सफाया किया जा सके जिस तरह पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने अपने यहां से कर दिया। इसमें कोई दो राय नहीं कि आरक्षण के नाम पर बांग्लादेश में शुरू हुआ आंदोलन अब हिंदू विरोधी आंदोलन का रूप ले चुका है।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# नाना पटोले ने चुनाव आयोग को घेरा पूछा- राज्य में सात फीसदी मतदान कैसे बढ़ा?

नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग को घेरा। नाना पटोले ने कहा कि राज्य में मतदान समाप्त होने के बाद सात फीसदी मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ा। इस स्थिति को चुनाव आयोग स्पष्ट करे। मतदान के आंकड़ों में विसंगतियां आयोग की कार्यप्रणाली सवालिया निशान लगाती हैं। पटोले ने कहा कि राज्य में शाम पांच बजे तक मतदान प्रतिशत 58.22 फीसदी था, लेकिन रात 11 बजे तक यह 7.83 फीसदी बढ़ गया। चुनाव आयोग को इस विसंगति को स्पष्ट करना चाहिए। यह लोगों के वोट की चोरी है। इसके लिए हम कानून का सहारा लेंगे और सड़क पर उतरकर लोगों को जागरूक करेंगे। नाना पटोले ने कहा कि चुनाव आयोग को उन बूथों के फोटो साझा करने चाहिए, जहां पर रात को 11 बजे तक मतदान जारी रहा।
पटोले ने कहा कि इसका कौन जीता और कौन हारा, इससे कोई संबंध नहीं है। हमारी पार्टी लोकतंत्र को बचाना चाहती है। चुनाव आयोग के मुताबिक महाराष्ट्र में 66.05 फीसदी मतदान हुआ था। जबकि 2019 में 61.1 फीसदी मतदान हुआ। चुनाव में हार के बाद महाविकास अघाड़ी के कई नेता चुनाव आयोग की मतदान प्रक्रिया पर संदेह जता चुके हैं। भंडारा जिले के साकोली निर्वाचन क्षेत्र में पटोले ने मात्र 208 वोटों से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के अविनाश ब्रह्मणकर को हराया।

**विधानसभा चुनाव में पार्टियों का प्रदर्शन**

राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच था। जिसमें महायुति ने बाजी मारते हुए 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटों पर जीत हासिल की है। इसमें भाजपा ने अकेले 132 सीट, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार गुट की एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है। महायुति गठबंधन के तीनों घटक दल भाजपा, शिवसेना और एनसीपी क्रमशः राज्य की शीर्ष तीन पार्टियां हैं। वहीं इसके उलट महा विकास अघाड़ी को 288 सीटों में से मात्र 46 सीटें ही हासिल की है। इसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी ने 20 सीट, कांग्रेस ने 16 और शरद पवार की एनसीपी-एसपी ने सिर्फ 10 ही सीटें विधानसभा चुनाव में जीती है।

**›› महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अन्य दलों का प्रदर्शन**

वहीं राज्य के विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेने वाली अन्य राजनीतिक दलों की बात करें, तो इसमें समाजवादी पार्टी ने और जन सुराज्य शक्ति ने दो-दो सीटें जीतीं हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### प्रियंका गांधी आज लेंगी सांसद पद की शपथ

**नई दिल्ली,** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी गुरुवार (28 नवंबर) को सांसद पद की शपथ लेंगी। प्रियंका ने केरल के वायनाड से चुनाव जीतने के बाद बुधवार को कांग्रेस नेताओं से विनिंग सर्टिफिकेट प्राप्त किया। इस मौके पर उनके भाई और लोकसभा नेता राहुल गांधी भी मौजूद थे।

### गहलोत ने दिल्ली विस से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली,** दिल्ली के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत ने दिल्ली विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को भेजा है। गहलोत हाल ही में आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति 15 को आएंगे भारत

**नई दिल्ली,** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके 15 दिसंबर को भारत दौरे पर आएंगे। यह उनका पहला विदेश दौरा होगा, जो 2 दिन तक चलेगा। श्रीलंकाई कैबिनेट प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी है।

### एक्सप्रेसवे सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**कन्नौज,** कन्नौज में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में सैफई मेडिकल कॉलेज के 3 डॉक्टर, एक लैब टेक्नीशियन और एक क्लर्क की मौत हो गई। हादसा बुधवार तड़के करीब 3.30 बजे हुआ। तेज रफ्तार में जा रही स्कार्पियो डिवाइडर से टकराई और पलटते हुए दूसरी लेन में आ गई, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद डाला। हादसे में स्कार्पियो में सवार 6 में से 5 लोग मौके पर ही मारे गए, जबकि एक की हालत गंभीर है। ये लोग मंगलवार को लखनऊ में एक शादी में शामिल होकर लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, ड्राइवर की झपकी और ओवरस्पीड के कारण यह हादसा हुआ।

# अब अजमेर की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा

## कोर्ट ने याचिका मंजूर कर सभी पक्षकारों को भेजा नोटिस

● अजमेर



अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर के होने के दावे को लेकर सिविल कोर्ट में दाखिल याचिका को कोर्ट ने सुनने योग्य माना है। यह याचिका हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता द्वारा लगाई गई थी।

सिविल जज मनमोहन चंदेल की बेंच ने याचिका को स्वीकार करते हुए अल्पसंख्यक मंत्रालय, दरगाह कमेटी और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) को नोटिस जारी किया है और सभी पक्षों से अपनी स्थिति पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी। याचिका में 1911 में रिटायर्ड जज हरविलास शारदा द्वारा लिखी गई किताब अजमेर-हिस्टॉरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि दरगाह के निर्माण में एक शिव मंदिर का मलबा इस्तेमाल किया गया था। इसके अलावा, याचिका में यह भी कहा गया है कि दरगाह के गर्भगृह और परिसर में एक जैन मंदिर के अवशेष हैं।

### बुलंद दरवाजे पर हिंदू परंपरा की नक्काशी

विष्णु गुप्ता ने कहा कि अगर आप अजमेर दरगाह के आसपास ध्यान से देखेंगे तो पाएंगे कि बुलंद दरवाजे पर हिंदू परंपरा की नक्काशी की गई है। इसके अलावा, शिव मंदिर के आसपास झरना, पेड़ और पानी के स्रोत पाए जाते हैं, जो हिंदू मंदिरों की पहचान होते हैं। गुप्ता ने पुरातत्व विभाग से आग्रह किया है कि इस क्षेत्र का सर्वे किया जाए।

### इन दस्तावेजों के आधार पर किया दावा

- रिटायर्ड जज हरविलास शारदा की किताब अजमेर-हिस्टॉरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव
- भारत में सूफीवाद का इतिहास

# कूनो में दो दिन पहले जन्मे 2 चीता शावकों के क्षत-विक्षत शव मिले

● भोपाल



**जांच के लिए भेजे गए सैंपल**

कूनो नेशनल पार्क में दो दिन पहले जन्मे चीता शावकों के क्षत-विक्षत शव मिले हैं। इनके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। कूनो प्रबंधन का कहना है कि मौत के कारणों का पता जांच रिपोर्ट आने के बाद मिलेगा।

गौरतलब है कि दो दिन पहले मादा चीता निर्वा ने शावकों को जन्म दिया था। मादा चीता अपने पास किसी को नहीं जाने दे रही थी। इससे चीता शावकों की सही जानकारी कूनो प्रबंधन को नहीं मिली थी। बुधवार को मादा चीता अपने स्थान से दूर घूम रही थी। इसके चलते डॉक्टरों की मौजूदगी में कूनो के कर्मचारियों ने संबंधित स्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो चीता शावकों के क्षत-विक्षत शव मिले। कूनो प्रबंधन का कहना है कि वहां किसी दूसरे के पहुंचने के प्रमाण नहीं मिले हैं। इससे चीता शावकों की मौत की सही जानकारी नहीं मिली है। कूनो में अन्य 12 व्यस्क और 12 चीता शावक पूरी तरह से स्वस्थ हैं। इस साल कूनो में चौथी बार चीता शावकों का जन्म हुआ था। इससे पहले मादा चीता आशा, ज्वाला और गामिनी ने चीता शावकों को जन्म दिया था, इनमें से दो शावकों की पहले ही मौत हो गई थी। हाल ही में जन्मे दो शावकों की भी मौत हो चुकी है। इस साल अब तक कूनो में चार चीता शावकों की मौत हो चुकी है।

# आईपीएल में होती थी अंपायर फिक्सिंग: मोदी

## श्रीनिवासन ने ऑक्शन भी किया था फिक्स

● नई दिल्ली



आईपीएल के फाउंडर ललित मोदी ने एक पॉडकास्ट में खुलासा किया है कि आईपीएल टूर्नामेंट में अंपायर फिक्सिंग होती थी। उन्होंने बताया कि चेन्नई सुपर किंग्स के मालिक एन श्रीनिवासन ने खुद अपने टीम के मैचों के लिए चेन्नई के अंपायर नियुक्त किए थे। मोदी के अनुसार, श्रीनिवासन ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ को सीएसके में खरीदने के लिए ऑक्शन भी फिक्स कर दिया था। मोदी ने यूट्यूबर राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि 2010 में भारत छोड़ने का कारण अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से मिली जान से मारने की धमकी थी। हालांकि, उसी दौरान बीसीसीआई ने उन पर 253 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप भी लगाया था। 2010 में बीसीसीआई ने ललित मोदी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए उन्हें आईपीएल कमिश्नर पद से हटा दिया। उस समय श्रीनिवासन बीसीसीआई के सेक्रेटरी थे।

### फ्लिंटॉफ का चेन्नई जाना तय था...

ललित मोदी ने बताया कि 2009 आईपीएल के ऑक्शन से पहले इंग्लैंड के एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने अपना नाम रजिस्टर किया था और एन श्रीनिवासन ने कहा था कि वह फ्लिंटॉफ को अपनी टीम में ही चाहते हैं। मोदी ने बाकी टीमों से कहा कि फ्लिंटॉफ के लिए बोली न लगाए और इसके बाद सीएसके ने उन्हें 1.55 मिलियन डॉलर में खरीदा। ललित मोदी ने आगे कहा कि श्रीनिवासन ने आईपीएल में अंपायर भी फिक्स किए थे। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के मैचों के लिए चेन्नई के अंपायरों को नियुक्त किया, जिससे उनके मैचों में फेवरिटिज्म की स्थिति बनती थी।

### भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है: प्रधानमंत्री मोदी

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति की प्रस्तुतियों का एक वीडियो संकलन साझा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं के दौरान अक्सर पारंपरिक भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे अपने इतिहास और संस्कृति के प्रति अपार उत्साह दिखाई देता है, जो बेहद खुशी की बात है। वीडियो में लोगों को ऑस्ट्रिया में वंदे मातरम गाते और पोलैंड और मास्को (रूस) में गरबा, कजान (रूस) में ढोलिडा, भूटान में डांडिया रास, सिंगापुर में भरतनाट्यम और लाओस और ब्राजील में रामायण गाते हुए दिखाया गया है। इसमें भूटान के कलाकार भी शामिल थे, जो प्रधानमंत्री का उल्लेख करते हुए एक गीत गा रहे हैं।

**सुप्रीम कोर्ट बोला** पहले क्रिश्चियन धर्म अपनाया, अब नौकरी के लिए हिंदू होने का दावा सही नहीं

# आरक्षण के लिए धर्म परिवर्तन संविधान से धोखा

● नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केवल आरक्षण का लाभ लेने के लिए किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखा है। अदालत ने यह फैसला 26 नवंबर को उस मामले में सुनाया, जिसमें एक महिला ने क्रिश्चियन धर्म अपनाया था, लेकिन बाद में शेड्यूल कास्ट (एससी) प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए दावा किया कि वह हिंदू है। सुप्रीम कोर्ट ने महिला की अपील को खारिज करते हुए कहा कि इस तरह का दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता।



### 8 वकीलों ने की जिरह

महिला याचिकाकर्ता, सेल्वरानी की ओर से वकील एनएस नप्पिनई, वी बालाजी, असाइथम्बी एमएसएम, अतुल शर्मा, सी कन्नन, निजामुद्दीन, बी धनंजय और राकेश शर्मा ने जिरह की। वहीं, वकील अरविंद एस, अक्षय गुप्ता, अब्बास बी और थराणे एस ने तमिलनाडु सरकार का पक्ष रखा।

### धर्म परिवर्तन तब करें जब आस्था हो

जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा, किसी को धर्म परिवर्तन तभी करना चाहिए, जब उसे उस धर्म के मूल्यों, विचारों और आस्थाओं पर यकीन हो। अदालत ने कहा, यदि किसी व्यक्ति का धर्म परिवर्तन का उद्देश्य केवल आरक्षण का लाभ उठाना है और उसे उस धर्म पर विश्वास नहीं है, तो यह स्वीकार्य नहीं होगा। इस तरह का धर्म परिवर्तन रिजर्वेशन नीति और सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचाएगा। बेंच ने कहा, हमारे सामने पेश किए गए सबूतों के आधार पर यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता ने क्रिश्चियन धर्म अपनाया है और वह नियमित रूप से चर्च जाती हैं, यानी वह इस धर्म का पालन भी कर रही हैं। दूसरी ओर, वह यह दावा कर रही हैं कि वह हिंदू हैं और रोजगार के लिए शेड्यूल कास्ट सर्टिफिकेट चाहती हैं। यह दो विपरीत दावे हैं। ऐसे दावे को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। बाप्टिज्म के बाद वह खुद को हिंदू नहीं कह सकतीं।

# 70 साल के पति ने पत्नी का सिर काटकर पेड़ पर टांगा

## धड़ घर के बाहर, घटना के बाद आरोपी फरार

● सागर



जिले के राहतगढ़ थाना क्षेत्र के टेहरा-टेहरी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 70 वर्षीय बुजुर्ग पति खूबचंद साहू ने अपनी 65 वर्षीय पत्नी राधारानी की हंसिया से गर्दन काटकर हत्या कर दी। इसके बाद सिर को धड़ से अलग कर बालों को रस्सी से बांधते हुए घर से 600 मीटर दूर एक पेड़ के तने में फंसा दिया।

बुधवार सुबह जब ग्रामीणों ने घर के दहलान में राधारानी का सिर कटा शव देखा तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया। सिर की सर्चिंग के दौरान यह ज्वाला देवी मंदिर रोड पर एक पेड़ के तने के बीच लटका मिला। हत्या के बाद आरोपी खूबचंद मौके से फरार हो गया, जिससे वारदात का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## श्री जयराम रमेश, संसद सदस्य, महासचिव (संचार) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, द्वारा जारी बयान



**28 नवंबर,** 2024 प्रधानमंत्री का पूरा ध्यान महंगाई घटाने पर नहीं, बल्कि केवल महंगाई के आंकड़ों को कम दिखाने पर है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) और थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के आंकड़ों को इस तरह से पेश करने की कोशिश जा रही है कि महंगाई नियंत्रित दिखे, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि आम जनता की जेब पर बोझ लगातार बढ़ रहा है। पिछले दस सालों में मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ी है, जिससे आम जनता की आर्थिक स्थिति पर गहरा दुष्प्रभाव पड़ा है। खाद्य पदार्थों, ईंधन, और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। विशेष रूप से, दाल, तेल, सब्जी और दूध जैसे आवश्यक खाद्य उत्पादों की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, जो परिवारों के बजट पर भारी बोझ डाल रही हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी के बावजूद पेट्रोल-डीजल महंगा रहा, जिससे परिवहन और अन्य सेवाओं की लागत बढ़ी। आज महंगाई में वृद्धि का एक बड़ा कारण खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें हैं। अब आंकड़ों में महंगाई को कम दिखाने के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) में खाद्य पदार्थों का वेटेज कम करने की तैयारी चल रही है। यह महंगाई के वास्तविक प्रभाव को छिपाने का एक प्रयास है, जो बताता है कि इस सरकार की प्राथमिकता महंगाई कम करने की बजाय केवल आंकड़ों को कम करने की है। याद रखें, यह पहली बार नहीं हो रहा है। मोदी सरकार ने आंकड़ों की बाजीगरी करके देश को गुमराह करने की बार-बार कोशिश की है। पहले, जब भाजपा सरकार जीडीपी वृद्धि दर में यूपीए सरकार से पिछड़ने लगी, तब आधार वर्ष बदलकर विकास दर को कृत्रिम रूप से बढ़ाने का प्रयास किया गया। ऐसा करके देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति छिपाई गई।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्र स्तरीय प्रचारक श्री सुरेश सोनी ने आयुर्वेद गुरुकुलम की स्थापना को आवश्यक बताया

**-अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ, आईकेएस प्रकोष्ठ व पीआरओ, सीएसयू , दिल्ली।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के माननीय कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी ने अतिथियों का स्वागत करते प्रसन्नतापूर्वक कहा है कि माननीय श्री सुरेश सोनी जी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, वैद्य श्री जयन्त देव पुजारी जी, अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) तथा वैद्य रघुराम भट्ट यु.जी, अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड ( एमएआर बीआईएसएम) आज हमारे बीच उपस्थित हैं जो ऐतिहासिक क्षण है। कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के साथ एनसीआईएसएम का जो लगभग दो वर्ष पूर्व आकादमिक समझौता किया गया था ,वह आज आयुर्वेद गुरुकुलम के रूप कार्यान्वित इसलिए दिख रहा कि इसमें भारत सरकार विशेष कर शिक्षा मन्त्रालय और वैद्य पूजारी जी अध्यक्ष (एनसीआईएसएम )का इसमें बहुत ही अधिक योगदान है। प्रो वरखेड़ी ने यह भी कहा कि वैद्य पूजारी जी के मन में सीएसयू के साथ यह समझौता करने की संभावना संभवतः इसलिए भी आई होगी क्योंकि वे आयुर्वेद शास्त्र के साथ संस्कृत विद्या को भी सूक्ष्मता से समझते हैं। उन्होंने आदरणीय सोनी महोदय को भारतीय संस्कृति तथा जन मानस के जीवन प्रबंधन का बहुत ही बड़ा उपासक मानते हुए राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका की भी चर्चा की । संमान्य सोनी जी ने कहा कि किसी विलुप्त होती विद्या को जीवन्त बनाने का मार्ग बहुत ही लम्बा तथा चुनौतियों से भरा होता है



। यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि सीएसयू तथा एनसीआईएसएम मिल कर आयुर्वेद गुरुकुलम का संचालन करेगा जिससे दोनों विद्याओं को समन्वित रूप में जीवन्त बनाया जा सकेगा ?। आदरणीय सोनी जी ने इस बात पर भी बल देते कहा कि सीएसयू इसके एक नोडल एजेंसी के रूप आयुर्वेद विद्या से जुड़ी पाण्डुलिपियों का संग्रह कर ,उस पर नवाचारी शोध का श्रीगणेश भी करे।

## संभल घटनाः जमीअत उलमा-ए-हिंद का शहीदों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये देने का ऐलान

>>> जमीअत के महासचिव मौलाना महमूद मदनी ने संभल के जिम्मेदारों से मुलाकात की
>>> स्थानीय पुलिस दबाव बना कर गिरफ्तार लोगों से बदलवा रही है बयानः मौलाना हकीमुद्दीन कासमी



**नई दिल्ली, 28 नवंबर।** संभल में पुलिस प्रशासन ने जो अमानवीय अपराध किया है, वह किसी भी तरह से स्वीकार्य-योग्य नहीं है। हम इसके विरुद्ध हर स्तर पर लड़ेंगे और पीड़ितों एवं गिरफ्तार निदोर्षों को न्याय दिलाएंगे। यह घोषणा आज जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने रजबपुर अमरोहा में संभल हादसे को लेकर हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में की। मौलाना मदनी ने घोषणा की कि जमीअत उलमा सभी शहीदों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देगी। इसके अलावा जो घायल हुए हैं, उनके इलाज के लिए सहायता का हाथ बढ़ाया जाएगा। इस बैठक में जमीअत उलमा अमरोहा, जमीअत उलमा संभल और जमीअत उलमा मुरादाबाद के पदाधिकारी मौजूद थे, जिसमें जमीअत उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी और जमीअत उलमा-ए-हिंद के कोषाध्यक्ष मौलाना कारी शौकत अली और मुफ्ती मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने भी भाग लिया। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष ने तीनों जिलों के पदाधिकारियों पर आधारित एक राहत समिति भी गठित की, जिसके संयोजक जमीअत उलमा संभल के अध्यक्ष हाफिज मोहम्मद शाहिद होंगे। इसके साथ ही एक कानूनी समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया।

## अपोलो कैंसर सेंटर ने शुरू किया भारत का पहला लंगलाइफ स्क्रीनिंग प्रोग्राम जो लंग कैंसर के खिलाफ लड़ाई में है एक महत्वपूर्ण कदम

**नई दिल्ली,** 28 नवंबर 2024 झ अत्याधुनिक कैंसर देखभाल में अग्रणी अपोलो कैंसर सेंटर (एसीसी) ने लंग कैंसर के शीघ्र निदान के लिए भारत का पहला लंगलाइफ स्क्रीनिंग प्रोग्राम शुरू किया है। इस अभूतपूर्व पहल का उद्देश्य लंग कैंसर से लड़ना है, जो भारत में सभी कैंसरों का 5.9% और कैंसर से संबंधित 8.1% मौतों का कारण है। कैंसर के शीघ्र निदान से बेहतर उपचार परिणाम प्राप्त करने में मदद मिलती है और सर्वाइवल रेट बढ़ जाती है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) द्वारा प्रस्तुत कैंसर की घटनाओं और मृत्यु दर के ग्लोबोकैन 2020 अनुमानों से पता चलता है कि लंग कैंसर कैंसर से होने वाली मौतों का प्रमुख कारण बना हुआ है और इससे 2020 में अनुमानित 1.8 मिलियन मौतें (18%) हुई हैं। लंगलाइफ स्क्रीनिंग प्रोग्राम उन लोगों को लक्षित करता है जिन्हें लंग कैंसर होने का जोखिम सबसे अधिक है, जैसेः (i) 50 से 80 वर्ष की आयु समूह के लोग, (ii) अलक्षणी लोग




(जिन्हें लंग कैंसर का कोई संकेत या लक्षण नहीं है), (iii) धूम्रपान का इतिहास रखने वाले लोग और (iv) जिन लोगों के परिवार में लंग कैंसर का इतिहास रहा हो। कैंसर देखभाल की विरासतः 30 वर्षों से अधिक समय से लोगों के जीवन में आशा की किरण ला रहा है आज कैंसर देखभाल का मतलब 360-डिग्री विस्तृत देखभाल है, जिसके लिए कैंसर विशेषज्ञों की प्रतिबद्धता, विशेषज्ञता और अदम्य भावना की आवश्यकता होती है। अपोलो कैंसर सेंटर्स का पूरे भारत में 390 से अधिक ऑन्कोलॉजिस्ट को जोड़ता एक नेटवर्क है जो उच्च-स्तरीय परिशुद्ध ऑन्कोलॉजी थेरेपी संवितरण की देखरेख करता है। हमारे ऑन्कोलॉजिस्ट सक्षम कैंसर प्रबंधन टीमों के अधीन अंग-आधारित पेशे का पालन करते हुए विश्व स्तरीय कैंसर देखभाल प्रदान करते हैं। इससे हमें एक ऐसे वातावरण में रोगी को अनुकरणीय उपचार प्रदान करने में मदद मिलती है जिसने लगातार अंतरराष्ट्रीय मानक के नैदानिक परिणाम प्रदान किए हैं। आज भारत में 147 देशों से लोग अपोलो कैंसर सेंटर्स में कैंसर का इलाज करवाने आते हैं। दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व में पहला पेंसिल बीम प्रोटोन थेरेपी सेंटर के साथ अपोलो कैंसर सेंटर में कैंसर के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं।

## मूवी रिव्यू जहानकिल्ला सपनों को साकार करने का मैसेज देती है यह फिल्म



**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म मेकर बॉक्स ऑफिस पर मुनाफा कमाने की चाह में अपनी फिल्म में बेवजह की कॉमेडी, मारधाड़, बोल्ड सीन और डबल मीनिंग संवादों को फिट करते है, लेकिन इस फिल्म के मेकर, डायरेक्टर साधुवाद के पात्र है कि उन्होंने फिल्म की कहानी को पूरी ईमानदारी के साथ सिल्वर स्क्रीन पर पेश किया, शायद यही वजह है कि इंडियन क्रिकेट के बेताज बादशाह कपिल देव ने इस फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद फिल्म की एक स्पेशल स्क्रीनिंग में पूरी फिल्म देखी और फिल्म की जमकर तारीफ की और फिल्म की टाइटल में भी अपना संदेश दिया। करीब 130 मिनिट की इस फिल्म को आज सिनेमाघरों में रिलीज किया गया लेकिन मेकर्स की और से फिल्म को प्रमोट क्यों नहीं किया गया , यह समझ से परे है मेरी सोच है अगर फिल्म को रिलीज से दस पंद्रह दिन पहले कुछ प्रमुख सिटीज में स्टार्स के साथ प्रमोट किया गया होता तो फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पॉन्स मिलता। फिल्म की कहानी, एक खुशहाल और प्रगति विकास की और लगातार बढ़ते पंजाब की पॉजिटिव तस्वीर पेश करती है, ना कि उड़ता पंजाब जैसी कुछ फिल्मों में पंजाब की युवा पीढ़ी को ड्रग्स की दलदल में फंसता दिखाती है, यही वजह है पंजाब के सीएम भगवत मान ने भी इस फिल्म को पंजाब की युवा पीढ़ी के विकास की और अग्रसर करती फिल्म बताया है।

## मिथिला के नवीन नयन को मिला लंदन में अवार्ड।




**मिहिर झा**
**वरिष्ठ पत्रकार।**
**नयी दिल्ली, 28 नवंबर 2024 (एजेंसी)।** मिथिला में मधेपुरा जिले के भीरखी निवासी नवीन नयन को स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए लंदन में लीडरशिप एंड इंसपीरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। श्री नयन को यह पुरस्कार साउथॉल कम्युनिटी एलायंस द्वारा आयोजित चौथे वार्षिक साउथॉल कम्युनिटी अवार्ड्स के दौरान प्रदान किया गया। इस समारोह में ईलिंग के मेयर, यवोन जॉनसन, साउथॉल के सांसद, होली थॉमस और पूर्व सांसद साउथॉल उपस्थित थे। श्री नयन वहाँ सरकारी स्वास्थ्य सेवा संगठन के साथ काम करते हैं और एनएचएस में एक वरिष्ठ चिकित्सक एवं न्यूरोसाइंस विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें इससे पहले भी बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है। एल.एस.

## सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए सख्त कानून की जरूरत : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली, नवम्बर : केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म को विनियमित करने वाले कानूनों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया ने प्रेस की स्वतंत्रता का मंच प्रदान किया है, लेकिन संपादकीय निगरानी के अभाव में यह अनियंत्रित अभिव्यक्ति का स्थान बन गया है, जिसमें अक्सर अशोभनीय सामग्री दिखाई देती है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक मीडिया की तरह इन प्लेटफॉर्म पर सामग्री की शुद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की प्रक्रिया कमजोर है। वैष्णव ने भारत और इन प्लेटफॉर्म की उत्पत्ति वाले देशों के बीच सांस्कृतिक भिन्नताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए सख्त नियम आवश्यक हैं। उन्होंने सभी पक्षों से इस विषय पर आम सहमति बनाने का आग्रह किया। मंत्री ने संसदीय स्थायी समिति से इस मुद्दे को प्राथमिकता देने और सख्त कानून बनाने की प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए सामाजिक सहमति और ठोस उपायों की आवश्यकता है।

## डॉ. वेद टंडन भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित

### देश की महान 31 विभूतियां भारत गौरव अवार्ड से नवाजा गया

नई दिल्ली, नवम्बर : केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ सिंह ने शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए कमल, वंदना, गुरुग्राम एंड ट्रिनिटी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल दिल्ली-एनसीआर के चेयरमैन व अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन को सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने कमल मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, मोहन गार्डन की प्रधानाचार्य डॉ. वंदना टंडन को भी भारत गौरव अवार्ड सम्मान दिया गया। दोनों शिक्षाविदों से यह सम्मान केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ सिंह ने कालीरमण फाऊंडेशन संस्था की ओर से दिल्ली स्थित इंडिया इस्लामिक सैंटर



केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ सिंह के साथ डा. वेद टंडन व अन्य।

में आयोजित रहबरे आजम सर छोटू राम मेमोरियल के 10वें भारत गौरव अवार्ड में किया गया। अवॉर्ड पाने के बाद डॉ. वेद टंडन ने इस दौरान उन्होंने बताया कि आगामी 11 दिसंबर को गीता जयंती के अवसर पर गीता के प्रचार-प्रसार, बच्चों में सुसंस्कार व युवाओं में रचनात्मक ऊर्जा और सम्पूर्ण विश्व में सात्विक ऊर्जा के संचार की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए एक मिनिट एक साथ गीता पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के दौरान पूरे भारत देश से करीब 12 राज्यों से आए महानुभावों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिन महानुभावों ने शिक्षा, खेल, समाज सेवा, विज्ञान, कला, संगीत, राजनीति आदि विषयों में विशेष योगदान दिया उन सभी को इस समारोह में भारत गौरव अवार्ड से नवाजा गया। इस आयोजन में मुख्यातिथि के रूप में केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं भिवानी से सांसद धर्मबीर चौधरी, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज, पूर्व सांसद लोकेश चटर्जी, कृष्ण जाखड़ चेयरमैन साउथ दिल्ली नगर निगम जोन, सुनील कुमार अर्जुन अवार्डी, वीरेंद्र ढांडा आदि उपस्थित रहे।

## बाजार में मंदी के बावजूद, आईटी सैक्टर की नौकरियों में मजबूत वृद्धि देखी गई

नई दिल्ली, नवम्बर : वर्क इंडिया ने अपनी आईटी हायरिंग डेटा रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट नौकरी बाजार के बदलते रुझानों पर विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करती है। रिपोर्ट के अनुसार 2023 से 2024 के बीच आईटी नौकरी पोस्टिंग में कुल मिलाकर 10 फिसदी की गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन इसमें विभिन्न शहरों, नौकरी श्रेणियों और उम्मीदवारों की प्राथमिकताओं के अनुसार भिन्नताएं भी देखी गई हैं। 2024 में आईटी नौकरी पोस्टिंग में 10 फिसदी की गिरावट हुई है। यह गिरावट अधिकांश शहर समूहों में देखी गई, सिवाय शीर्ष-स्तरीय (टी1) शहरों के, जहां आईटी हायरिंग में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। टी1 शहरों में बढ़ी आईटी नौकरियों की मांग रिपोर्ट के अनुसार, टी1 शहरों में 2023 से 2024 के बीच आईटी नौकरियों में 7 फिसदी की वृद्धि हुई है। यह दशार्ता है कि व्यापक बाजार चुनौतियों के बावजूद, बड़े महानगरों में आईटी प्रतिभाओं की मांग मजबूत बनी हुई है। यह वृद्धि उन क्षेत्रों में तकनीकी कंपनियों और स्टार्टअप्स के विस्तार के कारण है, जिससे टी1 शहर आईटी और तकनीकी प्रतिभाओं का केंद्र बनते जा रहे हैं।

## धर्म को राजनीतिक सीढ़ी बनाने पर परमजीत सिंह सरना ने सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली, नवम्बर : दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह सरना ने हरमीत सिंह कालका पर अपने परिवार को विधानसभा टिकट दिलाने के लिए भाजपा के कार्यक्रमों में खुलेआम भाग लेने की कड़ी निंदा की है। सरना ने इसे नैतिक गिरावट और धर्म के दुरुपयोग का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि हरमीत सिंह कालका अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए धर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो उनके पद की गरिमा और मान-मयार्दा के खिलाफ है। सरना ने सवाल उठाया कि कालका ने यदि दिल्ली कमेटी के स्कूलों और कॉलेजों को सुधारने में भी आधा प्रयास किया होता, तो उनकी स्थिति बेहतर होती। उन्होंने आरोप लगाया कि कालका ने शिक्षण संस्थानों को बर्बाद कर दिया है और अब उन्हें बेचने की योजना बना रहे हैं। सरना ने सुझाव दिया कि यदि कालका को राजनीति में इतनी रुचि है, तो उन्हें धर्म का उपयोग छोड़कर सीधे राजनीति में प्रवेश करना चाहिए। उन्होंने भाजपा पर भी सिख समुदाय की मांगों को पूरा न करने का आरोप लगाते हुए कालका की भूमिका को समुदाय के लिए नुकसानदायक बताया।

## राइट्स इश्यू में निवेशकों के लिए अवसर, पूंजी जुटाने का लक्ष्य

नई दिल्ली, नवम्बर : डेकोर सेवाओं में अग्रणी, अहमदाबाद स्थित शणगार डेकोर लिमिटेड ने 49.35 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा की है।

यह इश्यू 8 नवंबर को शुरू हुआ और 6 दिसंबर को बंद होगा। इश्यू की धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं, इश्यू खर्चो और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। राइट्स इश्यू 5.76 प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर पेश किया गया है, जो 10.08 प्रति शेयर के बंध भाव की तुलना में रियायती है।

राइट्स एंटाइटेलमैंट अनुपात 7:1 पर तय किया गया है, अर्थात प्रत्येक 1 शेयर पर 7 राइट्स शेयर खरीदने का अधिकार मिलेगा। रिकॉर्ड तिथि 28 अक्टूबर है। ऑन-मार्केट अधिकार त्याग की अंतिम तिथि 29 नवंबर तक है। निवेशक बाजार से राइट्स एंटाइटेलमैंट खरीद सकते हैं और इश्यू में भाग ले सकते हैं।

## जूडिओ ब्यूटी ने गुरुग्राम में खोला पहला स्टोर, किफायती प्रोडक्ट्स की पेशकश

गुरुग्राम, नवम्बर : पर्सनल केयर और ब्यूटी प्रोडक्ट्स में अग्रणी ब्रांड जूडिओ ब्यूटी ने गुरुग्राम के रीच 3 रोड्स मॉल में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया। यह स्टोर उत्तर भारत में ब्रांड के विस्तार की शुरूआत का प्रतीक है। ट्रेंट लिमिटेड के सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पी. वेंकटेसलू ने कहा, भारत में ब्यूटी और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। जूडिओ ब्यूटी स्टोर का उद्देश्य किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले ब्यूटी प्रोडक्ट्स की बढ़ती उपभोक्ता जरूरतों को पूरा करना है। स्टोर में लिपस्टिक, आईलाइनर, काजल और लिप ग्लॉस जैसे उत्पाद 79 रुपये से शुरू होते हैं। यह स्टोर गुरुग्राम के सेक्टर 70 एसपीआर रोड पर स्थित है और मिलेनियम सिटी के प्रमुख आवासीय क्षेत्रों के बीच अपनी पहुंच के कारण ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। जूडिओ ब्यूटी का यह स्टोर उन ग्राहकों के लिए आदर्श है जो सीमित बजट में उच्च गुणवत्ता वाले फैशनेबल प्रोडक्ट्स की तलाश में हैं।

## बीबी रणजीत कौर पंजाबी सांझा परिवार की अध्यक्षा बनी

नई दिल्ली, नवम्बर : पंजाबी सांझा परिवार संस्था के कार्यालय में जनरल सदस्यों के बीच बीबी रणजीत कौर को संस्था की नई कार्यकारी अध्यक्षा का पदभार दिया गया। बीबी रणजीत कौर एक कुशल समाजसेवी, कुशल राजनीतिज्ञ के रूप पंजाबी समाज की तन मन धन से सेवा करने के लिए सेविका मिलीं है आज अध्यक्षा ने अपनी मेहनतकश टीम का गठन किया गया है। पहले संस्था के संरक्षक सदस्यों के द्वारा अध्यक्षा का और उसके बाद अध्यक्षा जी के द्वारा पूरी टीम का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और स्नेह ओढ़नी ओड़कर मान सम्मान किया गया। अध्यक्षा ने घोषणा की कि एक माह के लिए सदस्यता खोली गई है जो भी व्यक्ति सदस्य बनाना चाहते हैं वह पंजाबी समाज की सेवा के लिए आगे आएं। अध्यक्षा ने आगामी महीनों में आने वाले त्योहारों पर भी चर्चा की है। मंच का संचालन डा. कुलदीप शर्मा महामंत्री ने बड़ी कुशलता पूर्वक किया एवं अंत में अमरजीत सिंह ने आये हुए सदस्यों का धन्यवाद किया।

## स्कूलों को छोड़कर दिल्ली में अभी लागू रहेंगी पाबंदियां

### वायु प्रदूषण के बीच एचसी का फैसला

**दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में उच्च प्रदूषण स्तर पर दिल्ली के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि GRAP-4 उपायों का कार्यान्वयन एक "घोर विफलता" था। अदालत ने फैसला सुनाया कि स्कूलों पर प्रतिबंध को छोड़कर सभी प्रदूषण विरोधी उपाय सोमवार तक लागू रहेंगे। अदालत ने प्रदूषण विरोधी संस्था सीएक्यूएम को इस बीच एक बैठक आयोजित करने और प्रतिबंधों को जीआरएपी 4 से घटाकर जीआरएपी 3 या जीआरएपी 2 तक कम करने पर सुझाव देने पर विचार करने का आदेश दिया। अदालत ने निकाय से जरूरत पड़ने पर GRAP 4 और GRAP3 उपायों वाले एक हाइब्रिड मॉडल को लागू करने पर विचार करने को कहा। पीठ ने कहा कि हम यह स्पष्ट करते हैं कि स्कूलों के संबंध में संशोधित उपायों को छोड़कर सभी जीआरएपी IV उपाय सोमवार तक लागू रहेंगे। इस बीच, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग एक बैठक करेगा और GRAP IV से GRAP III या GRAP II में जाने के बारे में सुझाव देगा। हम यह भी स्पष्ट करते हैं कि यह आवश्यक नहीं है कि GRAP IV में प्रदान किए गए सभी उपायों को समाप्त कर दिया जाए। अदालत ने सीएक्यूएम को राष्ट्रीय राजधानी में भारी ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध को लागू करने के उसके आदेशों का उल्लंघन करने के लिए दिल्ली में शीर्ष पुलिस, सरकार और नागरिक एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से यह भी कहा कि वह अपने अधिकारियों को निर्देश दे कि वे सैटेलाइट से पता चलने से बचने के लिए शाम 4 बजे के बाद किसानों को पराली जलाने की सलाह न दें।

## सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री की चार बटालियनों को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किए

नई दिल्ली, नवम्बर : थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री सैंटर एंड स्कूल (एमआईसीएंडएस), अहिल्यानगर में एक भव्य समारोह के दौरान मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री की चार बटालियनों को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किए। 27 नवंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय और सराहनीय सेवा को मान्यता दी गई। राष्ट्रपति ध्वज मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट की 26वीं और 27वीं बटालियनों और ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स की 20वीं और 22वीं



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी बटालियनों के साथ।

बटालियनों को प्रदान किए गए, जो सबसे युवा बटालियनों के लिए गौरव का क्षण था। इस सम्मान के महत्व को मान्यता देते हुए इस भव्य समारोह में बड़ी संख्या में दिग्गजों, सैन्य कर्मियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। सेना प्रमुख ने कलर प्रेजेंटेशन परेड का निरीक्षण किया और चार मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री बटालियनों के मार्चिंग और घुड़सवार दस्तों द्वारा प्रदर्शित त्रुटिहीन मानकों की सराहना की। राष्ट्रपति की ओर से, उन्होंने बटालियनों को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किए, राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा और समर्पण को मान्यता दी। उन्होंने सभी रैंकों, विशेष रूप से सम्मानित बटालियनों को बधाई दी और युद्ध एवं शांति दोनों समय में मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री के पेशेवर अंदाज की सराहना की। भारतीय सेना के सबसे नवीन और सबसे बहुमुखी लड़ाकू हथियारों के रूप में, मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री में इन्फेंट्री और मैकेनाइज्ड बलों का सर्वश्रेष्ठ मिश्रण है। अपनी वीरता और कौशल के लिए प्रसिद्ध इसकी बटालियनें सभी थिएटरों और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में तैनात हैं।

## पराली के सही उपयोग के लिए हुई पहल

नई दिल्ली, नवम्बर : उत्तर भारत में भारी प्रदूषण लेकर आता है, साथ ही खासकर एनसीआर क्षेत्र में आसमान में छाए धुएं और धुंध व्यापक चिंता की वजह बन जाते हैं। पराली जलाने की घटनाएं वायु प्रदूषण को खतरनाक स्तर पर ले जाने में खासा योगदान कर रही हैं और वायु गुणवत्ता सूचकांक के लिहाज से भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं. हालांकि, अगर सही समाधान और विशेषज्ञता का इस्तेमाल किया जाए तो इस समस्या का प्रभावी हल निकाला जा सकता है। डेलॉयट इंडिया ने हरियाणा सरकार के समर्थन से शुरू की पराली के सही उपयोग के लिए हुई पहल की।

# शॉर्ट सर्किट से लगी घर व गोदाम में आग लाखों का सामान जलकर राख

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को दिन निकलते ही नगर के एक मोहल्ले में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिससे दुकान का सामान सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के अनुसार 12 से 15 लख रुपए के बीच का नुकसान हुआ है, आग की सूचना पर मोहल्ले वासियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया तथा दो घंटे देरी से पहुंची फायर ब्रिगेड को मोहल्ले वासियों ने वापस लौटा दिया, बताते चलें कि गुरुवार को तड़के नगर की अग्रवाल धर्मशाला के पीछे हिमांशु अग्रवाल उर्फ मन्नू पुत्र मनोज अग्रवाल की टेलरिंग मैटेरियल की थोक की दुकान है, दुकान तथा गोदाम घर में ही बना हुआ है, पीड़ित ने बताया कि वह गुरुवार को सुबह 7:30 बजे दवाई लेने के लिए दिल्ली को रवाना हुआ था इसी बीच घर में आग लगने की सूचना पर वह रास्ते से ही परिवार सहित वापस लौट आया, घर आते ही आग से हुए नुकसान को देखकर पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसक गई, वहीं इस संबंध में पीड़ित के अनुसार आग लगने से एक एसी, फ्रीज, वाशिंग मशीन, दो एलसीडी, दो इनवर्टर बैट्रे एवं विद्युत फिटिंग समेत दुकान तथा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। करीब 12 से 15 लाख रुपए का नुकसान होने का आंकलन किया जा रहा है। उधर सूचना पर क्राइम इंस्पेक्टर बालेंद्र सिंह यादव कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार मौके पर पहुंच गए तथा फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही मोहल्ले वासियों की मदद से आग पर काबू पा लिया, इस बीच



2 घंटे देरी से पहुंचे फायर ब्रिगेड को मोहल्ले वासियों का विरोध झेलना पड़ा और मोहल्ले वासियों ने सभी की मदद से आग बुझाने का हवाला देते हुए फायर कर्मियों को वापस भेज दिया , बता ते चले कि यदि समय रहते मोहल्ले वासियों द्वारा अपने-अपने समरसेबल चलकर आग पर काबू न पाया जाता तो आग और भी विकराल रूप धारण करते हुए आसपास के घरों को भी लपेटे में ले सकती थी, वही आग की सूचना पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनोज गोयल, तथा युवा जिला अध्यक्ष शिखर अग्रवाल एवं युवा अग्रवाल सभा के नगर अध्यक्ष सुमित अग्रवाल व अन्य व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए तथा पीड़ित व्यापारी को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की मासिक बैठक सम्पन्न

**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बैठक गुरुवार को आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, अन्य सदस्यगण और सचिव मनोज कुमार सागर की उपस्थिति रही। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सम्मिलन/निष्कासन, उनके उत्थान और विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में सर्वप्रथम "केश कला बोर्ड" के गठन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। यह मांग मनोज कटारिया द्वारा की गई, जिसमें प्रदेश के केश कला व्यवसाय से जुड़े लोगों के विकास और उनके कौशल को संरक्षित करने की आवश्यकता बताई गई। आयोग ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए शासन को "केश कला बोर्ड" के गठन के लिए संस्तुति प्रेषित करने का निर्णय लिया। इसके अतिरिक्त, स्वर्णकार समाज की प्राचीन स्वर्ण एवं चांदी के आभूषण निर्माण कला के संरक्षण के लिए "स्वर्ण कला आयोग" के गठन का प्रस्ताव भी रखा गया, जिसे संजीव कुमार ने प्रस्तुत किया। इस प्रस्ताव को भी आयोग ने मंजूरी देते हुए शासन को संस्तुति भेजने का निर्णय लिया। शासकीय निर्माण कार्यों में अन्य पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने पर भी बैठक में चर्चा हुई। आयोग ने इसे अत्यधिक आवश्यक मानते हुए सभी विभागों में इस आरक्षण व्यवस्था को लागू करने के लिए शासन को संस्तुति प्रेषित करने का निर्णय लिया। पिछड़े वर्ग के वृद्ध व्यक्तियों के जीवन स्तर को सुधारने के उद्देश्य से आयोग ने केंद्रीय सेक्टर योजना के तहत वृद्धाश्रमों के निर्माण की सिफारिश की, ताकि वृद्ध व्यक्तियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में खंगार जाति को अन्य पिछड़े वर्ग की सूची में



सम्मिलित करने के संदर्भ में चर्चा हुई। आयोग ने बताया कि इस विषय पर पूर्व में ही संस्तुति प्रेषित की जा चुकी है। अब इस सिफारिश के संदर्भ में शासन को अनुस्मारक पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया और इसे आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। नॉन-क्रीमीलेयर के प्रमाण-पत्र में संशोधन के संदर्भ में बैठक में निर्णय लिया गया कि इस विषय पर प्रस्ताव तैयार कर अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। गोरखा समुदाय को अन्य पिछड़े वर्ग की सूची में सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा करते हुए आयोग ने निर्णय लिया कि जिलों से पुनः जानकारी प्राप्त की जाएगी। इसके बाद इस विषय पर विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी। बैठक में थानाध्यक्षों की तैनाती में आरक्षण व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करने के विषय पर भी चर्चा हुई। आयोग ने इसे पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधित्व के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण मानते हुए शासन को इस संबंध में सिफारिश भेजने का निर्णय लिया।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार छात्र को मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल, हायर सेंटर रेफर

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** गुरुवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने परीक्षा देकर बाइक पर सवार घर जा रहे छात्र को साइड मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया, राहगीरों ने पुलिस की मदद से घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया बताते चलें कि गुरुवार को दोपहर के समय संभल थाना नक्शा क्षेत्र के गांव कुरकावली मिलक निवासी कपिल पुत्र सुरेंद्र गाजियाबाद से परीक्षा देकर अपने गांव वापस लौट रहा था। जहां नगर के गजरौला मार्ग बाईपास स्थित अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को ओवरटेक करते समय साइड मार दी। जिससे बाइक सवार की बाइक फिसल गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं रहागीरों की मदद से घायल को नगर के सीएचसी केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल कपिल को हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है, वहीं सूचना पाकर घायल छात्र के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और बेहतर उपचार के लिए छात्र को हायर सेंटर से मेरठ ले गए।

# अनियंत्रित ट्रक ने कार में मारी जोरदार टक्कर, मां बेटे की मौत, दो घायल

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार की देर रात थाना सैद नंगली में कार में सवार चार लोगों को अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें मां बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, तथा दो अन्य घायल हो गए बताते चले की क्षेत्र के गांव सबदलपुर सरकी निवासी 38 वर्षीय सीमा चौधरी अपनी 15 वर्षीय बेटी विधि में 10 वर्षीय बेटे सूर्यांश चौधरी और भाई वीरेंद्र सिंह के साथ कार में सवार होकर हसनपुर दिशा से सैद नंगली को वापस आ रही थी जैसे ही उनकी कार सैद नंगली में अंबेडकर मूर्ति के पास पहुंची तो अचानक संभल दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक में कार में जोरदार टक्कर मार दी, ट्रक की टक्कर से सीमा चौधरी व बेटे सूर्यांश की मौके पर ही मौत हो गई तथा भाई वीरेंद्र, बेटी विधि गंभीर रूप से घायल हो गए, बताते चलें कि सीमा चौधरी सैद नंगली के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षिका के पद पर तैनात थी और वह अपने भाई व बच्चों के साथ एक दावत में सम्मिलित होने के बाद घर लौट रही थी,मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस की मदद से घायलों को हसनपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया वही परिजन बेहतर उपचार के लिए उन्हें बाहर ले गए, वहीं पुलिस में दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया, पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया वहीं ट्रक चालक के खिलाफ परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है इस संबंध में नव आगंतुक थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ट्रक कब्जे में ले लिया गया है तथा आरोपी ट्रक चालक की तलाश जारी है।

# महिला ने मनचले की बीच सड़क पर की पिटाई, 15 दिन से कर रहा था पीछा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**गजरौला।** गजरौला शहर के एक मोहल्ले में रहने वाली युवती चौपला चौकी क्षेत्र में ट्यूशन पढ़ने का कार्य करती हैं, वहीं एक मनचला लगभग 15 दिन से महिला टीचर का पीछा कर रहा था, गुरुवार को तीन दिन पहले महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले मनचले की महिला द्वारा पिटाई किए जाने का वीडियो सामने आया है, बता दे की मनचला काफी दिनों से महिला टीचर को निकलते बढ़ते समय कमेंट्स कर करके परेशान कर रहा था महिला टीचर कई बार उसे ऐसा करने से मना कर चुकी थी लेकिन तीन दिन पूर्व युवक ने महिला पर अश्लील कमेंट कर दिया जिसे सुनकर महिला आग बबूला हो गई, तथा महिला ने साहस का परिचय देते हुए युवक को पकड़ कर पीटना चालू कर दिया तथा गिरा गिरा कर लात घुसे बरसाए, युवती द्वारा युवक की पिटाई किए जाने पर तमस बिन भारी भीड़ जमा हो गई, 3 दिन पुरानी इस घटना का वीडियो गुरुवार को सामने आया है, वही वीडियो में युवक अपने आप को घिरता देख माफी मांगता हुआ हाथ जोड़ता हुआ बचने की कोशिश में लग रहा, अब पुलिस ने घटना की एफ आई आर दर्ज कर ली है तथा पुलिस आरोपी युवक की तलाश में सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर लग गई है इस संबंध में गजरौला थाने के एस एस आई बृजेश कुमार ने बताया मनचले की पिटाई मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** गुरुवार को सनातन जागरण मंच ने बांग्लादेश में सनातन धर्म के लोगों पर हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न के खिलाफ तथा हिंदू सनातनी संत चिन्मय कृष्णदास ब्रह्मचारी व अन्य सनातन धर्म के संतों की षड्यंत्र के तहत की गई गिरफ्तारी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया और एक ज्ञापन भारत के प्रधानमंत्री के नाम संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी को सौंपा, ज्ञापन के माध्यम से सनातन जागरण मंच ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए सरकार से प्रभावी कदम उठाने तथा बांग्लादेश में सनातन धर्मी लोगों की सुरक्षा किए जाने की मांग की है, वही भारत में इस्लामीक बफ बोर्ड को समाप्त करने तथा सनातन बोर्ड का गठन किए जाने की मांग की है, बता ते चले कि गुरुवार को सनातन जागरण मंच के कार्यकर्ता नगर के अंबेडकर पार्क पर एकत्र हुए जहां से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए सनातन जागरण मंच के कार्यकर्ता ब्लॉक प्रांगण में स्थित उप जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचे जहां पर उन्होंने एसडीएम सुनीता सिंह को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से दिनेश अग्रवाल, सचिन गुप्ता, संदीप अग्रवाल, राहुल हिंदुस्तानी, मुकुल अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, महावीर सिंह, श्याम सिंह, महेश सागर, अजय कुमार, दिनेश अग्रवाल रिटायर्ड मैनेजर, अरुण त्यागी, ज्ञानेंद्र सिंह, राहुल शर्मा, दीपक कुमार आदि सहित दर्जनों सनातन जागरण मंच के लोग मौजूद रहे।

# मुरादाबाद के ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी अनुज चौधरी का मुख्य हत्यारा गिरफ्त में

## एक लाख का इनामिया मास्टरमाइंड विकास सिंह धामा सलाखों के पीछे

**लोकतंत्र की शान/ कौशल रस्तोगी**




एस०टी०एफ० उ०प्र० को थाना मझोला जनपद मुरादाबाद में पंजीकृत मु०अ०सं० 598/2023 धारा 307, 302, 34 भादवि में वांछित रू0-1,00,000/- का पुरस्कार घोषित अपराधी विकास सिंह धामा पुत्र सतेन्द्र निवासी ग्राम नवाबपुरा, थाना अफजलगढ़, जनपद बिजनौर को शिव बिहार, दिल्ली रोड मोहन पाण्डेय, अस्पताल थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर को जो कि पुरस्कार घोषित अभियुक्त है,इसके सक्रिय होकर अपराध करने एवं अन्य अपराधों में लिप्त होने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस०टी०एफ० की विभिन्न इकाईयो/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। कार्यवाही के क्रम में अब्दुल कादिर, अपर पुलिस अधीक्षक, एस०टी०एफ० फील्ड इकाई बरेली के पर्यवेक्षण में उ०नि० राशिद अली के नेतृत्व में मु०आ० गिरिजेश पोसवाल, मु०आ० संदीप कुमार, मु०आ० शिवओम पाठक, आरक्षी संजय यादव, मु०आ० कमाण्डो विनोद कुमार, चालक मु०आ० मनोज कुमार अवस्थी की टीम जनपद सहारनपुर द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 10-08-2023 को जनपद मुरादाबाद के थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत पार्श्वनाथ कालोनी में ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी अनुज चौधरी की दिनदहाड़े हत्या की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना में शामिल इसके साथी जेल जा चुके है और यह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए पंजाब, हरियाणा, सहारनपुर में छिपकर रहा रहा था।

# मुख्यमंत्री ने किया वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण

**बांदा/लखनऊ, 28 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर बांदा पहुंचे। यहां उन्होंने मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार पर वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की एक महान योद्धा थीं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। यह प्रतिमा उनकी वीरता और त्याग की याद दिलाती रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। मुख्यमंत्री ने यहां भाजपा नेताओं से बातचीत में कहा कि बांदा में विकास कार्यों को गति देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। बहुत जल्द वो दोबारा बांदा आएंगे साथ ही यहां कई योजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और



अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने जिले के ग्राम महुआ में तेलंगाना बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के पैतृक आवास पहुंच कर उनकी दिवंगत माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

# महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की देखभाल करेंगे एम्स और आर्मी के स्पेशलिस्ट डॉक्टर

## 24 घंटे तैनात रहेंगे डॉक्टर, अनलिमिटेड ओपीडी की होगी क्षमता



**प्रयागराज, 28 नवंबर :** महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप स्वस्थ महाकुम्भ की योजना को साकार करने के लिए मेला क्षेत्र में युद्ध स्तर की तैयारी की जा रही है। इस बार के महाकुंभ में श्रद्धालुओं से लेकर महात्माओं तक के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनाती की जा रही है। इसी क्रम में यहां प्रयागराज के परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल तैयार किया जा रहा। वहीं, इस बार महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए एम्स रायबरेली और आर्मी अस्पताल के स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैनात किए जा रहे हैं।

**24 घंटे काम करेगा अस्पताल**

परेड क्षेत्र में बन रहे 100 बेड वाले अस्पताल की जिम्मेदारी देख रहे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गौरव दुबे कहते हैं कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए इसके लिए हमारी तैयारी पुख्ता है। परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल लगभग 70 फीसदी बनकर तैयार है। 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले जरूरी इंतजाम पूरे करने के लिए 24 घंटे काम चल रहा है। मेला के दौरान यहां 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती रहेगी, जहां अनलिमिटेड ओपीडी की क्षमता के हिसाब से सुविधाएं मौजूद रहेंगी।

**डिलीवरी रूम और इमरजेंसी वार्ड की भी मिलेगी सुविधा**

उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में मेल, फीमेल और चिल्ड्रन वार्ड अलग-अलग तैयार किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त डिलीवरी रूम, इमरजेंसी वार्ड और डॉक्टर्स रूम भी रहेंगे। जांचों की भी विशेष व्यवस्था होगी। जिससे यहां आने वाले किसी एक भी व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। विशेष तौर पर सामान्य जांच के बाद मरीज को तत्काल दवा उपलब्ध कराने का भी पूरा इंतजाम रहेगा।

# महाकुम्भ की करें तैयारी, चित्रकूट का हर मठ-मंदिर हो स्वच्छ और सुंदर : योगी आदित्यनाथ

**चित्रकूट/लखनऊ, 28 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को चित्रकूट के एक दिवसीय दौरे के दौरान जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सीएम योगी ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन, पशुपालन, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यटन विकास, औद्योगिक कॉरिडोर, लिंक एक्सप्रेसवे और अन्य परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें। वहीं उन्होंने महाकुम्भ को लेकर विशेष तैयारी करने के निर्देश दिये। साथ ही मठ-मंदिरों की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर भी निर्देशित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में चन्दन का पौधा भी लगाया।

**अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाने पर जोर**

मुख्यमंत्री ने अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाने पर जोर दिया। कहा अपराध पर पूर्ण लगाम लगाया जाए। ऐसे अराजकतत्वों, जिनसे समाज में भय उत्पन्न होने की संभावना हो, उनको चिन्हित कर जेल भेजा जाए। अपराधियों में भय तथा भयमुक्त समाज की स्थापना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि जो पेशेवर पशु, वन, खनन और भूमाफिया है, उनपर प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। ट्रैफिक की स्थिति ठीक रहे इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत



महिलाओं, बालिकाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चित्रकूट धार्मिक स्थल होने के नाते यहां पर अवैध गांजा, कच्ची शराब आदि नशों पर प्रभावी कार्रवाई होना चाहिए।

# चित्रकूट के भौतिक और आध्यात्मिक विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : योगी आदित्यनाथ

**चित्रकूट/लखनऊ, 28 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर चित्रकूट पहुंचे। यहां उन्होंने जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इसके उपरांत सीएम योगी श्री महाराजाधिराज मतगजेंद्र नाथ शिव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। सीएम योगी यहां से सीधे रामघाट पहुंचे, जहां उन्होंने मां मंदाकिनी के तट पर खड़े होकर इस पवित्र नदी की आरती उतारी



और प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री मां मंदाकिनी की पांच अर्चकों द्वारा होने वाली दैनिक आरती में भी शामिल हुए।

**चित्रकूट धाम के लिए कुछ करना डबल इंजन सरकार का सौभाग्य**

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां कभी भगवान श्रीराम ने संत तुलसीदास जी को दर्शन दिया था, आज उस पवित्र स्थल का दर्शन और पूजन करना उनके लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कि चित्रकूट के भौतिक विकास और आध्यात्मिक उन्नयन के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह सनातन धर्म का पौराणिक तीर्थ है। प्रभु श्रीराम ने वनवास काल में सर्वाधिक समय इसी चित्रकूट में व्यतीत किया था। अति प्राचीन काल से ही ऋषि-मुनियों और अनेक तपोनिष्ठ संतों ने इसी चित्रकूट धाम में रहकर अपनी आध्यात्मिक साधना को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। आज हमारा सौभाग्य है कि संतों के सानिध्य में इस चित्रकूट धाम के लिए कुछ करने का सौभाग्य हमारी डबल इंजन की सरकार को प्राप्त हुआ है।

# हरियाणा

## डेंगू का कहर और सरकारी अनदेखी ले रही है लोगों की जान : हुड्डा

### डेंगू ने तोड़े पिछले सारे रिकॉर्ड, लेकिन नींद में सो रही सरकार : हुड्डा

चंडीगढ़, नवंबर : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने डेंगू के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि डेंगू का सरकारी आंकड़ा करीब 6000 पर पहुंच गया है। लेकिन हकीकत में मामले इससे कई गुना ज्यादा हैं। अस्पतालों की ऐसी हालत है कि मरीज को भर्ती करने के लिए बेड तक मुहैया नहीं हो रहे हैं और ना ही उनका उचित इलाज हो पा रहा है। लगातार बीमारी लोगों की जान ले रही है लेकिन सरकार कुंभकरनी नींद में सो रही है। डेंगू का कहर और सरकारी अनदेखी लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि डेंगू ऐसी बीमारी है, अगर वक्त रहती इसकी रोकथाम की जाए तो इससे बचा जा सकता है। लेकिन बीजेपी ने वक्त रहते ना फॉगिंग करवाई और ना ही स्वास्थ्य विभाग में डेंगू के लार्वा को खत्म करने के लिए किसी तरह की सक्रियता दिखाई। बीजेपी नई सरकार के जश्न में डूबी रही और लोगों की जान जाती रही। अब भी सरकार की तरफ से ऐसे कोई कदम नहीं उठाए जा रहे, जिससे बीमारी कम हो। क्योंकि जब से भाजपा सत्ता में आई है, उसने स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने की बजाय एक के बाद एक घोटाले को अंजाम देने का काम किया है।


भूपेंद्र सिंह हुड्डा

ऐसा करके न सिर्फ सरकार ने जनता का करोड़ों रुपया लूटा है, बल्कि लोगों की जिंदगी से भी खिलवाड़ किया है। ए खुलासा खुद कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की ताजा रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट से

#### स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के बजाय घोटाले करने में जुटी सरकार : हुड्डा

स्पष्ट है कि नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं और डॉक्टर मुहैया करवाने की बजाय सरकार करोड़ों रुपए के घोटालों को अंजाम देने में लगी हुई है। रिपोर्ट ने बताया है कि मात्र 42 से 209 किलोमीटर का सफर, कई एंबुलेंस ने 1,05,000 से लेकर 5 लाख रुपए में तय किया। यानी लगभग 2500 रुपए प्रति किलोमीटर में एंबुलैंस ने अपनी सेवाएं दीं। हमारी मांग है कि ऐसी एंबुलेंस चलाने की बजाए बीजेपी सरकार हैलीकॉप्टर चलवा दे, क्योंकि वो भी इससे सस्ता पड़ेगा। इतना ही नहीं एंबुलेंस के मरीजों तक पहुंचने के समय में भी जमकर झोल किया गया है। मरीज की कॉल और मरीज तक एंबुलेंस पहुंचने का टाइम बिलकुल एक ही है। यानी 0 सैकेंड, 0 मिनट में एंबुलेंस मरीज के पास पहुंच गई, मानो मरीज ने एंबुलैंस में बैठने के बाद ही कॉल किया हो। सीएजी रिपोर्ट में कहा है कि लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हुए सरकार ने ब्लैक लिस्टेड कंपनियों से भी दवाइयां और उपकरण खरीदे। इतना ही नहीं, सरकार ने ऐसी 15 एजैंसियों को 5.67 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया है, जिनकी दवाएं कई बार घटिया साबित हो चुकी हैं, जब से भाजपा सत्ता में आई है, उसने प्रदेश के शिक्षा व स्वास्थ्य तंत्र को पूरी तरह नजरअंदाज किया है। यही वजह है कि आज प्रदेश में लगभग 30% डॉक्टरों और 42 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मियों के पद खाली पड़े हुए हैं।

## प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी में विश्व टेलीविजन दिवस पर द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा एक लघु नाटिका की प्रस्तुति।




**नीलोखेडी सुखविंदर सोही**
**नीलोखेडी।** प्रताप पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विश्व टेलीविजन दिवस के अवसर पर द्वितीय कक्षा के छात्रों ने टेलीविजन के महत्व और इसके हमारे जीवन पर प्रभाव को दर्शाने वाली एक आकर्षक प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम उनकी कक्षा अध्यापिका के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। यह प्रस्तुति रचनात्मक और प्रभावशाली थी,जिसमें टेलीविजन के विकास और सूचना,शिक्षा और मनोरंजन के माध्यम के रूप में इसकी भूमिका को दर्शाया गया। छात्रों ने छोटी-छोटी झलकियों के माध्यम से दिखाया कि टेलीविजन कैसे शैक्षिक ,मनोरंजन , हास्य पूर्ण और विज्ञान शो के माध्यम से हमें बहुत कुछ सिखाने का माध्यम बनता है। छात्रों का उत्साह और आत्मविश्वास दर्शनीय था। उनकी वेशभूषा और उपयोग किए गए प्रॉप्स ने उनके किरदारों को वास्तविकता दी। कक्षा अध्यापिका द्वारा अत्यधिक स्क्रीन समय के प्रभाव को उजागर किया और टीवी देखने और अन्य गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरपर्सन हनी चौधरी तथा निर्देशिका पिथी चौधरी ने छात्रों को संबोधित कर, टेलीविजन के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि ज्ञान, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का एक प्रभावी माध्यम है। स्कूल के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई नाटिका की सराहना की, कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उनके प्रयासों के लिए पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस आयोजन ने बच्चों में टीमवर्क, आत्मविश्वास और प्रस्तुति कला को निखारने का अवसर प्रदान किया और सभी पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ा।

## 9 दिसंबर को प्रधानमंत्री करेंगे महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस का शिलान्यास - कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

### वशवविद्यालय के स्थापना दिवस पर पहुंचे थे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, इंद्री की विधायक एवं चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने भी की शिरकत

**करनाल, बिट्टू संधू**
**हरियाणा।** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आने वाली 9 दिसंबर, 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करनाल के महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री यह शिलान्यास पानीपत में आयोजित कार्यक्रम से करेंगे। कृषि मंत्री गुरुवार को करनाल के महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। उनके साथ-साथ इंद्री के विधायक व चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। यहां संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि विश्व में सबसे ऊपजाई जमीन भारत की है। आज भारत और हरियाणा के किसान अच्छी पैदावार ले रहे हैं। कृषि



क्षेत्र मजबूत और बड़ा है। तभी कृषि को उत्तम माना गया है। कोरोना काल में प्रत्येक काम बंद हो गया था लेकिन मात्र कृषि क्षेत्र ही ऐसा क्षेत्र था, जो चल रहा था। हम जब तक कृषि को पहले स्थान पर नहीं रखेंगे, तब तक बेरोजगारी दूर नहीं हो सकती। हमारी खेती पहले स्थान पर रहे, इसके लिए हमने प्रयास करना चाहिए। हरियाणा में खेती के क्षेत्र में बहुत अवसर हैं।

**मोटे अनाज को दे बढ़ावा**
कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हमें मोटे अनाज को बढ़ावा देना चाहिए। यह अनाज हमारे लिए गेहूं से ज्यादा फायदेमंद है। गेहूं और धान की परंपरागत खेती करने से किसानों को मुनाफा नहीं हो रहा है साथ ही प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन हो रहा हैं। जिसके चलते देश प्रदेश में पानी की गं?

## नई अधिकृत 8 कॉलोनियों में सीवरेज व जलापूर्ति पाईप लाईन डाली जाएगी, तकनीकी मंजूरी के बाद निविदाएं की जाएंगी आर्मंत्रित- डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त।

### अनुमानित 128 करोड़ रुपये की राशि होगी खर्च, अमरूत-2 स्कीम में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग करवाएगा कार्य।

**करनाल बिट्टू संधू**
**करनाल।** नगर निगम करनाल क्षेत्र की अधिकृत हुई 8 नई कॉलोनियों में सीवरेज व जलापूर्ति पाईप लाईन डाले जाने का कार्य आगामी वर्ष में शुरू होगा। कार्य की तकनीकी मंजूरी लेने के लिए केस बनाकर जन स्वाथ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के मुख्यालय को भेजा गया है। यह जानकारी गुरूवार को इस संबंध में हुई बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्य जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की करनाल डिवीजन-एक के द्वारा अमरूत-2 स्कीम में करवाए जाएंगे। इनका अनुमान तैयार कर मुख्यालय को भेजा गया था। इस पर खर्च होने वाला कोष भी आ गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यालय से तकनीकी मंजूरी मिलने के बाद इस कार्य की निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। उसके बाद सीवरेज व जलापूर्ति पाईप लाईन डाले जाने का कार्य शुरू किया जाएगा। 28 करोड़ रुपये से डलेगी पाईप लाईन- निगमायुक्त ने बताया कि अधिकृत हुई कॉलोनियों में सीवरेज व वाटर सप्लाई लाईन डाले जाने के कार्य पर अनुमानित 128 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस कार्य में अधिकृत कॉलोनियों में 12 किलोमीटर तथा शहर के अन्य क्षेत्रों में 48 किलोमीटर सीवर लाईन डाली जाएगी। इस पर अनुमानित 89 करोड़ 67 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। दूसरी ओर अधिकृत कॉलोनियों में साढे 13 किलोमीटर वाटर सप्लाई लाईन डाली जाएगी। इसके अतिरिक्त 20 नलकूप लगाए जाएंगे। इनमें से 8 नलकूप नई अधिकृत कॉलोनियों में तथा 12 शहर के अन्य क्षेत्रों में लगाए जाएंगे।



## 10वीं-12वीं परीक्षा फरवरी-मार्च के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ी

### स्कूल बिना विलंब शुल्क 3 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

चंडीगढ़, नवंबर : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित करवाई जाने वाली 10वीं-12वीं (नियमित) एवं गुरुकुल/विद्यापीठ (पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक) वार्षिक परीक्षा मार्च के लिए बिना विलंब शुल्क ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ाकर 3 दिसंबर कर दी है। प्रवक्ता ने बताया कि मुखियाओं को सूचित किया जाता है कि वह बिना विलंब शुल्क सहित 03 दिसंबर तक आवेदन करना सुनिश्चित करें। 300 रुपए विलंब शुल्क सहित 4 से 9 दिसंबर, 1000 रुपए विलंब शुल्क सहित 10 से 15 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। विद्यालयी/गुरुकुल/विद्यापीठ परीक्षार्थी ऑनलाइन पंजीकरण के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर दिए लिंक पर लॉगिन करें। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए दिशा-निर्देश स्कूल की लॉगिन आईडी पर उपलब्ध है। संबंधित स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिए गए हैं कि उन द्वारा जिन परीक्षार्थियों के ऑनलाइन आवेदन भरे जाने हैं, उनके विवरण विद्यालय रिकार्ड अनुसार सही होने चाहिए इसलिए आवेदन करते समय विवरणों को भली-भांति जांच लें। यदि आवेदन पत्र में किसी प्रकार की कोई त्रुटि पाई जाती है तो विद्यालय मुखिया स्वयं जिम्मेवार होंगे। परीक्षा आरंभ होने पर फोटो/हस्ताक्षर संबंधी त्रुटि ठीक नहीं की जाएगी।

### अंक सुधार के लिए 2 दिसंबर से कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

10वीं-12वीं परीक्षा मार्च सीटीपी, ओसीटीपी, रिअपीयर, अतिरिक्त विषय, आंशिक अंक सुधार एवं पूर्ण विषय अंक सुधार कैटेगरी के लिए ऑनलाइन फार्म भरने के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर 02 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दिशा-निर्देश बोर्ड की वैबसाइट पर उपलब्ध हैं। प्रवक्ता ने बताया कि 10वीं (मुक्त विद्यालय) रिअपीयर/आंशिक व पूर्ण विषय अंक सुधार की परीक्षा के लिए 1100 रुपए एवं सीटीपी/ओसीटीपी/अतिरिक्त विषय श्रेणी की परीक्षा के लिए 1200 रुपए परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। 12वीं के लिए 1150 रुपए एवं सीटीपी/ओसीटीपी/अतिरिक्त विषय श्रेणी की परीक्षा के लिए 1250 रुपए परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। परीक्षार्थी बिना विलंब शुल्क 02 से 10 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। 100 रुपए विलंब शुल्क सहित 11 से 18 दिसंबर, 300 रुपए विलंब शुल्क सहित 19 से 25 दिसंबर, 1000 रुपए विलंब शुल्क सहित 26 से 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा के लिए 100 रुपए अतिरिक्त शुल्क देय होगा। ऐसे परीक्षार्थी जिनका परीक्षा परिणाम कंपार्टमैंट/अनुत्तीर्ण रहा है, परीक्षा उत्तीर्ण करने के सभी अवसर समाप्त हो गए हैं। ऐसे परीक्षार्थी अंतिम अवसर समाप्त होने के 5 वर्ष के अंदर हरियाणा मुक्त विद्यालय की सीटीपी कैटेगरी में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ओसीटीपी प्रणाली के तहत आवेदन करने वाले परीक्षार्थी ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी व मूल फेल/कंपार्टमैंट कार्ड रजिस्ट्रेशन की तिथि से 10 दिन के अंदर बोर्ड कार्यालय में दस्ती/पंजीकृत डाक से भेजना सुनिश्चित करें अन्यथा देरी के लिए 500 रुपए अतिरिक्त शुल्क देय होगा।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाती है 71 हजार रुपए की राशि : उपायुक्त उत्तम सिंह

**करनाल, बिट्टू संधू**
**करनाल।** उत्तम सिंह ने बताया हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के परिवारों को कन्यादान के तौर पर अब 71 हजार रुपए की राशि दी जाती है। इस योजना के तहत शगुन के तौर पर 66 हजार रुपए की राशि शादी के अवसर पर तथा 5 हजार रुपए की राशि शादी के छः माह के अन्दर-अन्दर शादी रजिस्ट्रेशन कार्यालय में आवेदन जमा करवाने के उपरान्त दी जाती है। उपायुक्त ने यह भी बताया कि समाज के सभी वर्गों, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए से कम हो, विधवा, तलाकशुदा, अनाथ, बेसहारा औरतों तथा बेसहारा बच्चों और उनकी शादी के लिए 51 हजार रुपए की राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि सामान्य एवं पिछड़े वर्ग से सम्बन्धित गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए से कम है, उन व्यक्तियों की लड़कियों की शादी के लिए 31 हजार रुपए की राशि दी जाती है। इसके अतिरिक्त जिन अनुसूचित जाति के व्यक्तियों का बीपीएल कार्ड नहीं है तथा वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो ऐसे व्यक्तियों की लड़कियों की शादी में 31 हजार रुपए की राशि दी जाती है। दोनों ही परिस्थितियों में 28 हजार रुपए शादी के समय तथा 3 हजार रुपए की राशि शादी के 6 माह के अन्दर-अन्दर शादी रजिस्ट्रेशन कार्यालय में आवेदन जमा करवाने के उपरान्त पात्र व्यक्ति के खाते में डाल दी जाती है। उन्होंने बताया कि आवेदक को अपनी लडकी की शादी से 2 महीने पहले आवेदन करना होगा और शादी के 3 महीने बाद तक प्रार्थी किसी देरी के ठोस कारण सहित आवेदन कर सकता है। उन्होंने सभी पात्र आवेदकों से अपील की है कि शादी से 2 माह पहले ही आवेदन करें।

## वाहन चोरी का आरोपी गिरफतार, 03 वारदातों का किया खुलासा

**करनाल, सुखविंदर सोही**
वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए जिला पुलिस की क्राइम युनिट एंटी आटो थेफट टीम द्वारा दिनांक 27.11.2024 को दशहरा ग्राउंड सैo-16, करनाल से आरोपी..... बलजीत उर्फ बाबू पुत्र हंसराज वासी नलवी कलां, करनाल को चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफतार किया। पुलिस पूछताछ पर आरोपी द्वारा दो अन्य वारदातों के संबंध में खुलासा किया गया जो आरोपी के बताए स्थान से एक एक्टीवा व एक ई-रिक्शा बरामद की गई। एंटी आटो थेफट टीम इन्चार्ज उप निरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि आरोपी से बरामद किए गए वाहनों में उसके द्वारा दो थाना सिविल लाईन क्षेत्र से व एक थाना सैo-32/33 क्षेत्र से



चोरी किए गए थे। आरोपी को आज माननीय अदालत के सामने पेशकर न्यायीक हिरासत में भेज दिया गया। इसके साथ ही सैo-09, करनाल पुलिस चौंकी की टीम द्वारा भी स.उप निरीक्षक ऋषिपाल की अध्यक्षता में गांव घीड़ क्षेत्र से आरोपी..... अंकित पुत्र महेन्द्र सिंह वासी गांव घीड़, करनाल को थाना सैo 32-33, करनाल में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफतार किया गया। सैo-09 चौंकी इन्चार्ज उप निरीक्षक गीता ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ थाना गंगोह यु.पी. में भी मोटरसाइकिल चोरी का एक मामला दर्ज है। आरोपी को आज माननीय अदालत के सामने पेशकर जेल भेज दिया गया।

## महात्मा ज्योतिबा फूले के समरसता वादी संकल्पित समाज को साकार करने का प्रण लें - डॉ. रामपाल सैनी

**करनाल। सुखविंदर सोही**
**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना व कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में महान समाज सुधारक, महिला शिक्षा के जनक, वंचितों, पिछड़ों ,शोषितों, पिड़ितो के उद्धारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने स्टाफ सदस्यों सहित उनकी तस्वीर के समक्ष नमन करते हुए पुष्प अर्पित किए। प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले भारत में महिला शिक्षा के अग्रदूत थे। उन्होंने समाज से छुआछूत, जात-पात, गैर- बराबरी, अंधविश्वास और आडंबरों को मिटाने के लिए जन जागरण अभियान चलाएं और महत्वपूर्ण



भूमिका निभाई। प्राचार्य ने बताया कि उन्होंने देश में सर्वप्रथम महिला शिक्षा तथा अछूतोद्धार का काम आरंभ किया था। और पुणे में लड़कियों के लिए भारत की पहला विद्यालय खोला। लड़कियों और दलितों के लिए पहली पाठशाला खोलने का श्रेय महात्मा ज्योतिबा फूले को दिया जाता है। प्राचार्य ने कहा कि समाज में समरसता वादी विचारों को बल देने, समाज में महिला सुरक्षा एवं उनकी शिक्षा को बढ़ावा देने से उनके विचारों को ताकत मिलेगी और जहां समाज में उदारता, समरसता का प्रसार होगा तभी उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्राचार्य ने यह भी बताया कि महात्मा ज्योतिबा ने अछूतोद्धार के लिए सत्य-शोधक समाज की स्थापना की। उनके द्वारा समाज में चलाए जा रहे समाज सुधार के आंदोलनों के कारण ही 1888 में उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई । देश से छुआछूत खत्म करने, समाज में समरसता की स्थापना करने और समाज को सशक्त बनाने में जो भूमिका महात्मा ज्योतिराव फुले की रही वह शायद ही किसी महापुरुष की रही होगी। इस मौके पर एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलराम शर्मा।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने न्यायिक परिसर इंद्री का किया निरीक्षण, पौधारोपण कर जन साधारण को पौधारोपण के लिए किया प्रेरित

**करनाल, सुखविंदर सोही**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने वीरवार को उप-मंडल इन्द्री के न्यायिक परिसर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही पौधारोपण कर जन साधारण को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उनके साथ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन, अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) मधुर बजाज, इन्द्री व सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सुमित सैनी भी उपस्थित रहे। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर प्लेस आफ सेफ्टी पहुंचे और वहां रह रहे किशोरों से बात कर उन्हें प्रदान की जा रही




सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने किशोरों द्वारा बनाए पोस्टर व विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सराहना की और प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए। इसके अलावा उन्होंने एम डी डी बाल भवन में रह रहे बच्चों से बातचीत की व उन्हे पोस्टर मेकिंग व विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन मोंटफोर्ट वर्ल्ड स्कूल पहुंचीं जहां प्रधानाचार्य ने उनका स्वागत किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी इरम हसन ने मोंटफोर्ट वर्ल्ड स्कूल में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को शपथ दिलाई और उन्हें पॉक्सो एक्ट, नशा निषेध व साइबर क्राइम बारे में जागरूक किया।

## चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला शहर, : नवंबर : अंबाला शहर पुलिस थाना में दर्ज चोरी के एक मामले में अंबाला सीआईए-2 ने कार्रवाई करते हुए आरोपी गोपाल को गिरफ्तार किया है आरोपी की पहचान छोटी माजरी नहान हाउस अंबाला शहर के रूप में हुई, वहीं अंबाला अंबाला सीआईए-2 पुलिस टीम के जांच अधिकारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी की वारदात के मामले में अंबाला शहर के अशोक विहार कॉलोनी निवासी शिकायतकर्ता एक पीड़ित महिला ने बीते 7 अक्तूबर को अंबाला शहर पुलिस को एक शिकायत दी थी, जिसमें पीड़िता ने बताया कि 7 अक्तूबर को किसी अज्ञात चोर ने उनके घर में घुसकर सोना, चांदी, हीरे व नकद राशि की चोरी की है,




जहां अंबाला शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रारंभिक कार्रवाई की थी, वहीं इस मामले की जांच अंबाला एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया के निदेर्शानुसार अंबाला सीआईए-2 को सौंप दी गई थी, जिस पर अंबाला सीआईए-2 ने कार्रवाई करते हुए आरोपी गोपाल को गिरफ्तार कर अंबाला कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट के आदेशों अनुसार आरोपी को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### हरियाणा के निकाय मंत्री ने ली जिला नगर आयुक्त व नगर परिषदों के चेयरमैन की बैठक

## विकास परियोजनाओं के कार्य में निर्माण सामग्री गुणवत्ता में किसी प्रकार का नहीं होगा समझौता : विपुल गोयल

चंडीगढ़, नवंबर : हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि विकास परियोजनाओं के कार्य में निर्माण सामग्री गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। ठेकेदारों की निविदा लेते समय एकाधिकार नहीं चलने दिया जाएगा। नेगोशिएशन के माध्यम से पारदर्शी व स्पष्ट तरीके से कार्य आवंटित किए जाएंगे। विपुल गोयल नगर परिषद नरवाना, जींद, मंडी डबवाली, थानेसर व रतिया में आवंटित किए जाने वाले निविदाओं के हरियाणा रेट्स के अनुमोदन के संबंध में बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारी और जींद, सिरसा व कुरुक्षेत्र के जिला नगर आयुक्त सहित इन उक्त नगर परिषदों के चेयरमैन भी उपस्थित रहे। जींद नगर परिषद की चेयरपर्सन द्वारा टेंडर आवंटन में तकनीकी विंग द्वारा अनावश्यक विलंब के संबंध में उठाए गई मांग पर मंत्री ने जिला नगर आयुक्त को एक महीने के अंदर-अंदर जांच के आदेश देते हुए कहा कि यह ध्यान में रखा जाए कि जिस एजेंसी को कार्य आवंटित किया जा रहा है, उस एजेंसी के पिछले कार्य रिकार्ड को भी देखा जाए कि उसकी कार्य गुणवत्ता मानदंडों के अनुरूप है या नहीं। टैंडर प्रक्रिया एक महीने के अंदर-अंदर पूरी होनी चाहिए।


हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री चंडीगढ़ में जिला नगर आयुक्तों और नगर परिषदों के चेयरमैन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

### कर्मचारियों की कमी को लेकर नगर परिषद व पालिकाओं से मांगी रिपोर्ट

**स्थानीय** निकायों में कर्मचारियों की कमी पर मंत्री ने कहा कि सभी नगर परिषदों व नगर पालिकाओं की आवश्यकता पर रिपोर्ट मांगी गई है। जिसे शीघ्र मुख्यालय भेजना होगा ताकि पदों को भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। बैठक में जिन विकास कार्यों के लिए हरियाणा रेटस को निर्धारित किया गया, उनमें नगर परिषद जींद में दिल्ली-फिरोजपुर रेलवे लाइन के पास वर्तमान में डंप किए हुए कचरे का उठान, मंडी डबवाली में राम बाग के पीछे की साइड डंप लिगेसी वेस्ट का जैविक उपचार, एकलव्य स्टेडियम, जींद में सिंथैटिक ट्रेक बिछाना, नगर परिषद नरवाना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अध्ययन केंद्र का निर्माण और नगर पालिका रतिया में नियमित की गई नई कॉलोनियों में इंटरलॉकिंग पेविंग ब्लॉकिंग के साथ सड़कों व गलियों के रेट्स निर्धारित किए गए।

## हरियाणा मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष व सदस्यों ने कार्यभार किया ग्रहण


सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ललित बत्रा को कार्यभार ग्रहण करवाते हुए (दाएं) मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करते समय पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते सदस्य दीप भाटिया।

चंडीगढ़, नवंबर : न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और दो नए सदस्यों कुलदीप जैन व दीप भाटिया ने कार्यभार संभाल लिया है। हरियाणा सरकार ने न्यायमूर्ति ललित बत्रा (सेवानिवृत्त) पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय को हरियाणा मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके साथ सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप जैन और दीप भाटिया को आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। न्यायमूर्ति ललित बत्रा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं जबकि कुलदीप जैन सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता दीप भाटिया भी आयोग के सदस्य एवं कार्यवाहक अध्यक्ष रह चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### किन्नर को बनाया चेला, लाखों का माल लेकर भागा

**कोंच।** लाखों का माल लेकर भागा किन्नर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला भगतसिंह नगर की रहने वाली किन्नर गुरु सलमा ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उनका ही एक परिचित व्यक्ति एक किन्नर को लेकर आया। उक्त किन्नर ने अपना नाम आयशा निवासी वार्ड नंबर 20 मेन रोड परासिया जिला छिंदवाड़ा बताया। आयशा को सलमा ने अपना चेला बना लिया और सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा। करीब 5 महीने तक आयशा ने अपने गुरु सलमा की खूब सेवा कर उनका भरोसा जीत लिया। पिछले दिनों सलमा एक सम्मेलन में दिल्ली गई हुई थी। इसी बीच मौका पाकर आयशा अपने गुरु के करीब 2 लाख रुपए नकद और लाखों रुपये क़ीमत के आभूषण पार कर यहां से भाग निकली। सम्मेलन से लौटने के बाद सलमा को अपने चेले की करतूत का पता चला तो उन्होंने अपने गुप्त माध्यम से आयशा का पता लगाने का प्रयास किया। सलमा ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया कि आयशा को सीहोर में उनके एक रिश्तेदार ने 3 दिन तक रखा था। उन्होंने रिश्तेदार पर आयशा का सहयोग करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### चोरों ने सूने घर को निशाना बनाया, नगदी लेकर हुए रफूचक्कर



**कोंच।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक सूने पड़े घर में घुसकर नगदी पार कर ली।जानकारी के अनुसार ग्राम पड़री निवासी इस्सार पुत्र अजीम खां की पत्नी मंगलवार को घर से बाहर शादी समारोह में गयी हुई थी जबकि वह खुद कोंच में एक शादी में गया हुआ था और घर में ताला बंद था। रात के अंधेरे में अज्ञात चोर उसके कच्चे घर में पीछे के रास्ते से घुस गए और कमरे में रखी अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखे 68 हजार रुपये चोरी कर भाग गए। वहीं बुधवार की सुबह शादी से वापस घर पहुंचे इस्सार को चोरी की घटना का पता चल सका। उसने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है और गाँव में एक खेत उसने बटाई पर लिया हुआ था जिसमें धान की फ़सल की थी। धान बेचकर जो रुपये उसे मिले थे, वही सारे रुपये चोर चोरी कर ले गए हैं। उक्त घटना को लेकर फिलहाल पुलिस से शिकायत नहीं की गई है।वही प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय का कहना है कि अगर कोई शिकायत मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी।

### एसडीएम ने की ओवरलोडिंग पर कार्रवाई



**कोंच।** उपजिलाधिकारी ने ओवरलोड मामले में सख्त रवैया अपना लिया है।उन्होने दो टूक शब्दो मे कहा ओवरलोडिंग पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। मंगलवार देर शाम उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने खनिज अधिकारी के साथ तहसील क्षेत्र के पिंडारी सड़क पर ओवरलोड गिट्टी भरकर निकल रहे 4 ट्रकों को पकड़ लिया।मौके पर प्रपत्र भी अपूर्ण पाए गए। एसडीएम ने इनमें से 1 ट्रक सीज कर एट थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया जबकि 3 ट्रकों का ऑनलाइन चालान कर दिया।एसडीएम की इस कार्रवाई से ओवरलोडिंग करने बालो में हडकंप मचा है।

### नवल किशोर रामलीला रंगमंच पर राम राज्यभिषेक धूमधाम से मनाया गया



**कोंच।** श्री नवलकिशोर रामलीला समिति के बजरिया के रामलीला महोत्सव में मंगलवार की रात्रि रंगमंच पर श्रीराम का राज्याभिषेक धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। गुरु बशिष्ठ ने प्रभु श्रीराम और माता जनकनंदिनी को उच्च सिंहासन पर प्रतिष्ठित कर उनका तिलक किया और आरती उतारी। इसी के साथ रामलीला के वर्तमान महोत्सव का समापन हो गया। आधी रात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा, लोगों ने भव्य और अनुपम राम दरबार की छवि का दर्शन किया और तिलक कर दक्षिणा अर्पित की। इसी मंच के माध्यम से रामलीला के विभिन्न आयामों से जुड़े लोगों को सम्मानित भी किया गया। बाल रंगकर्मी नैतिक वाजपेयी को रमेश तिवारी स्मृति सम्मान दिया गया। संगीत विभाग के अध्यक्ष इंदु तिवारी के निर्देशन में सृष्टि वर्मा, रिया कुशवाहा, शीतल बुंदेला ने भावप्रवण भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। चंदन, रामजी भदौरिया, गौरव तिवारी, अतुल चतुर्वेदी, सूरज शर्मा,अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, मंत्री मनोज पाटकार, महावीर आचार्य, घंसू राठौर, गंगाराम रायकवार, अनिल वर्मा,कोषाध्यक्ष भास्कर दुवे, अमरेंद्र दुवे, रामकिशोर पुरोहित ललिया, लला वाजपेयी, इंदु तिवारी, अखिलेश दुवे आदि रहे।

# गरीबों कमजोर वर्ग को पहुचायें विभिन्न योजनाओं का लाभ -प्रभारी मंत्री

## विभिन्न विभागो द्वारा संचालित विकास कार्यो की बिंदुबार समीक्षा की, कहा -कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे

■ उरई



प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग उ0प्र0 संजय सिंह गंगवार ने जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, ब्लाक प्रमुख जालौन राम राजा निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में विकास कार्यो व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा विकास, निर्माण एवं अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनपद की दूसरी रेंक प्राप्त होने पर सभी सम्बंधित अधिकारियों को बधाई दी और जिन विभाग की प्रगति सन्तोषजनक न होने पर प्रगति में सुधार हेतु निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य, शिक्षा, भरण पोषण, आवास आदि से सम्बन्धित जितनी भी योजनाए संचालित है, उन सबका लाभ प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा आम जनमानस में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण उनके विभाग से सम्बंधित योजनाओं के आच्छादन एवं प्रगति की गुणवत्ता का निरीक्षण गॉव में जाकर करते रहें तथा लाभार्थियों का फीड बैक भी अवश्य प्राप्त करे। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान सरकार द्वारा निर्धारित नए मानक के अनुसार जनपद, विकास खंड एवं ग्राम स्तर पर बैठक कर पूर्ण निष्पक्षता के साथ पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि सभी गरीब एवं कमजोर व्यक्तियों को, जिनके पास आवास नहीं है उनको आवास का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए, यही शासन की मंशा है। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यालयों में मानक के अनुरूप सभी बिंदुओं पर कायाकल्प का कार्य कराए जाए, साथ ही सभी विद्यालयों को बेसिक सुविधाओं से आच्छादित करने की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाए। प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की मंशा के अनुसार जो भी विकास कार्य कराए जा रहे हैं और जितनी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों दिया जा रहा है उनका प्रचार प्रसार भी कराया जाए साथ-साथ योजना का भी प्रचार प्रसार कराया जाए। जल निगम की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने अधिशाषी अधिकारी जल निगम को निर्देशित किया गया कि पानी सप्लाई के पाइप की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए साथ ही साथ सड़कों को तोड़कर जो पाइप डाल रहे हैं उन सड़कों को ससमय रिस्टोर कर दिया जाए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि मरीजो को बेहतर ईलाज मुहैया कराया जाए, मरीजो और उनके तीमारदारों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो, साथ ही कहा कि कोई भी चिकित्सक अस्पताल के बाहर की दवा न लिखे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाभार्थियो का बेहतर ईलाज किया जाए, अगर पात्र व्यक्ति आयुष्मान योजना से वंचित है तो उसका आयुष्मान योजना में रजिस्ट्रेशन करके उसका ईलाज तत्काल किया जाए। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में पात्रता की जांच करते हुए इसका विशेष ध्यान रखा जाए की कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। पात्र लाभार्थियों की सूची बना कर नियमानुसार उनको आच्छादित किया जाए। विभिन्न पेंशन योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को समय से पेंशन उनके बैंक खातों में ट्रान्सफर कर दिया जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों का शत- प्रतिशत ई0के0वाई0सी0 सुनिश्चित करा ली जाए, जिससे कोई भी लाभार्थी के0वाई0सी0 के अभाव में लाभ से वंचित न होने पाये। उन्होंने कहा कि जनपद के शहर, निकायों एवं गॉवों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष नजर रखी जाए तथा सफाई कर्मियों के कार्यो की भी समीक्षा की जाए। मनरेगा के माध्यम से महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार दिया जाए।

### भ्रष्टाचार मुक्त कार्य के साथ-साथ सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करायें

**उरई।** समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि हम सभी का उद्देश्य जनपद जालौन का सर्वांगीण विकास, भ्रष्टाचार मुक्त कार्य के साथ-साथ सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराना एवं नियमानुसार पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। किसी भी स्तर पर उन्हें भ्रमित न करते हुए पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले माताओं, बहनों सहित सभी फरियादियों की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए उसका फीड बैक भी लिया जाए। उन्होंने प्रशासन से महिलाओं, बेटियों का सम्मान, सुरक्षा एवं स्वालम्बन तथा गरीबों एवं वंचितों को लाभ एवं न्याय दिलाये के निर्देश दिए।प्रभारी मंत्री ने जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बैठक में उपस्थित प्रभारी मंत्री व समस्त जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु आश्वस्त करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री पर रोक लगाने को चलाया छापामार अभियान

### कई जगह से उठाये नमूने, भेजे जाँच को

■ उरई(जालौन)



आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ उ0प्र0 व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन के अभिहित अधिकारी डॉ0 जतिन कुमार सिंह के नेत्वृत में जनपद की समस्त तहसीलों में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री पर रोक लगाने हेतु विभिन्न स्थानो पर छापामार कर कार्यवाही करते हुये दूध एवं दुग्ध पदार्थो के नमूनें संग्रहीत किये गये।

झांसी कानपुर हाईवे पावर प्वांइट एट के पास में स्थित ढाबा प्रो0 मनीमोहन के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध व बेसन का नमूना। उरई नगर पालिका के स्टेशन रोड़ कोरी क्वार्टर के पास स्थित कैन्टीन से प्रो0 राहुल शर्मा के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मैदा व पैंकिग ड्रिकिंग वाटर का नमूना। उरई नगर पालिका स्टेशन रोड़ उरई प्रो0 अमन पुत्र शकील के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पेठा का नमूना। कुईया रोड़ उरई से दूध फेरी मंगल यादव के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना। उरई नगर पालिका के पालीवाल डेयरी प्रो0 सन्तोष कुमार कौशल मार्केट मौनी मन्दिर के पीछे उरई के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध व पनीर का नमूना। उरई नगर पालिका के मैकेनिक नगर उरई प्रो0 सुनील उर्फ बल्लू के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ धनिया पाउडर का नमूना। उरई नगर पालिका के राठ रोड़ उरई से दूध फेरी खाद्य कारोबारकर्ता बलदेव से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना। उरई नगर के कुईया रोड़ से फर्म हनी टेऊड्र्स प्रो0 अंकित गुप्ता से खाद्य पदार्थ नूडल्स का नमूना। उरई नगर पालिका के शीतला माता मन्दिर उरई के पास स्थित जगदम्बा तिवारी पुत्र स्व0 शमन प्रसाद तिवारी के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ घी का नमूना। कुईया रोड़ उरई से दूध फेरी मनीष पाल पुत्र श्री लाखन नि0 धमनी से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना।

फूड सेक्टी वैन (एफ0एस0डब्ल्यू0) के माध्यम सें तहसील जालौन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। तथा मौके पर खाद्य पदार्थो की जॉचकर खाद्य कारोबारकर्ताओं व आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थो की पहचान कर अवगत कराया गया। कार्यक्रम में 68 खाद्य कारोबारकर्ताओं व आम जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### ट्रांसफार्मर के खुले तार कभी भी बन सकते हैं दुर्घटना का कारण

**जालौन-उरई ।** बिजली आपूर्ति के लिए कांजी हाउस के मुख्य दरवाजे पर दो ट्रांसफार्मर लगे हुए। ट्रांसफार्मर से निकले बिजली के तार खुले हुए हैं। खुले तार कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है।कांजी हाउस चौराहे पर आसपास की बिजली आपूर्ति के लिए दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। ट्रांसफार्मर के आसपास सेफ्टी जाली नहीं है। इतना ही नहीं ट्रांसफार्मर से निकले को तारों को तो विभाग ने जोड़ दिया लेकिन उन्हें खुला छोड़ दिया है। खुले पड़े तार दुर्घटना का आमंत्रण दे रहे हैं। कांजी हाउस के दरवाजे पर रखे ट्रांसफार्मर से निकले खुले तारों से कभी भी कोई वाहन मुड़ते समय टकरा सकता है। खुले तारों से वाहन टकराने से कभी भी दुर्घटना घट सकती है। खुले तारों से अन्ना गोवंश भी टकरा कर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। आसपास के दुकानदारों आकाश, शैलेंद्र, नरेश अखिलेश, राजकुमार, सुरेंद्र कुशवाहा आदि ने मांग की है कि खुले ट्रांसफार्मर के आसपास जाली लगाई जाए और तारों के टुकड़े हटाकर बंद केबिल लगाई जाउ जिससे किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### चिकित्सालय में हड्डी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने से मरीज परेशान

**जालौन-उरई।** नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन सड़क दुर्घटना से पीड़ित आते हैं। चिकित्सालय में हड्डी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं है।हड्डी व नेत्र चिकित्सक न होने के कारण मरीजों को दिक्कत हो रही है।

नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई सुविधाओं का अभाव है। नगर में ऑर्थोपेडिक सर्जन (हड्डी रोग विशेषज्ञ) काफी समय से न होने से लोगों को बाहर इलाज के लिए जाना पड़ता है। जिसमें समय और रुपया दोनों बर्बाद होते हैं। ऑर्थोपेडिक सर्जन न होने से एक्सीडेंट आदि होने पर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में कई बार मरीजों की मृत्यु तक हो जाती है। इसी प्रकार अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ भी नहीं है। जिससे नेत्र रोगों के लिए मरीजों को समस्याओं का सामाना करना पड़ता है। या तो उन्हें मंहगे प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराना पड़ता है अथवा उन्हें जिला मुख्यालय भागना पड़ता। जिसमें मरीज और तीमारदार दोनों को ही परेशान होना पडता है। यदि अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ और नेत्र रोग विशेषज्ञ की तैनाती हो जाती है तो मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। इससे न सिर्फ धन की बचत होगी बल्कि उनका समय भी बचेगा। मरीजों की परेशानियों को देखते हुए नगर के पवन याज्ञिक, अफजाल अहमद, अकरम सिद्दीकी, प्रतीकांत चंसौलिया, महेंद्र शिवहरे आदि ने बताया कि जालौन सीएचसी में यदि हड्डी रोग विशेषज्ञ और नेत्र रोग विशेषज्ञ की तैनाती हो जाती है कि तो बंगरा, माधौगढ़, रामपुरा, कुठौंद, भेंड, बाबई, धनौरा तक के मरीजों को सहूलियत होगी।

उन्होंने अस्पताल में उक्त सुविधाओं को शुरू कराने की मांग की है ताकि मरीजों को समय और रुपये खर्च न करने पड़ें। क्योंकि इसमें सबसे अधिक परेशानी निर्धन वर्ग के लोगों को उठानी पड़ती है। समाजसेवियों ने जनहित में जिलाधिकारी से उक्त समस्या के निस्तारण की मांग की है।

### यातायात जागरूकता अभियान के तहत वाहनो की फिटनेस जांची

**उरई।** यातायात माह नवम्बर-2024 में जागरूकता अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा स्कूल वाहनों के फिटनेस व परमिट, अग्निशामक यंत्र चेक कर वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स चेक किये गये । वाहनों के ड्राइवर और कंडक्टरों को क्षमता से अधिक बच्चे न बैठाने व यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने जिला अस्पताल, पोषण पुनर्वास केंद्र सहित कई व्यवस्थाओं को परखा

## इस सप्ताह जन्मी 21 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया




**उरई।**उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग कि सदस्या अनुपमा सिंह लोधी द्वारा जिला चिकित्सालय उरई का किया गया आकस्मिक निरीक्षण, पोषण पुनर्वास केंद्र का किया गया निरीक्षण बच्चों को दिया गया खिलौना तथा संबंधित डॉक्टर को निर्देशित किया गया कि बच्चों के देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जगजीवन उपस्थित रहे। सदस्या द्वारा एक्स रे सेंटर का निरीक्षण किया गया तथा वहां बैठे महिलाओं से पूछताछ की गई इसके बाद जिला महिला चिकित्सालय में महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कन्या जन्मोत्सव में इस सप्ताह जन्मी 21 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें केक काटकर सदस्या द्वारा आज के कार्यक्रम का विधिवाद शुरुआत की गई तथा संबंधित परिवारों को मिठाइयां व बेबी कीट वितरित किया गया । चिकित्सालय परिसर में लोगों ने कहा कि महिला कल्याण विभाग द्वारा मनाया जाने वाला कन्या जन्मोत्सव बेटियों के प्रति एक सकारात्मक भाव विकसित कर रहा है जिसे लगातार मनाये जाने की आवश्यकता है।

### महिला आयोग सदस्या की जनसुनवाई में आये 15 प्रकरण



**उरई।** राज्य महिला आयोग सदस्या द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें आज महिला हिंसा दहेज जमीनी विवाद तथा घरेलू हिंसा से संबंधित कुल 15 प्रकरण जनसुनवाई में आए जिसके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया तथा माननीय सदस्या द्वारा निर्देशित किया गया की महिला हिंसा की रोकथाम हेतु त्वरित कदम उठाएं जाए ताकि समाज पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़े ।आज के महिला जन सुनवाई में जहां सीओ सिटी उमेश पाण्डेय महिला थाना अध्यक्षा जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तिखार अहमद जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन तथा महिला कल्याण विभाग की ओर से गरिमा पाठक राजपाल संरक्षण अधिकारी जूली खातून वन स्टॉप सेंटर की प्रवीणा अंजना तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रतीक्षा दीप्ति आदर्श राजा भारद्वाज सुरेश वीर सिंह आलेख तथा महिला कल्याण विभाग के समस्त कार्मिक व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे

### किसान की दुर्घटना में मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई

**जालौन-उरई ।** गल्ला मंडी में धान बेचकर घर लौट रहे किसान की ट्रैक्टर पलटने से मौत हो गई थी। उक्त मामले में मृतक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़गुवां निवासी कल्याण सिंह व राजेंद्र दोहरे बीती 22 नवंबर को जालौन मंडी में बेचने के लिए आए थे। शाम करीब सात बजे वह दोनों मंडी में धान बेचकर ट्रैक्टर से गांव लौट रहे थे। ट्रैक्टर कल्याण सिंह चला रहा था। बिरहरा बंबा के आगे खेत में पानी लगाने के लिए सड़क पर पाइप डालकर ब्रेकर बनाए जाने से ट्रैक्टर बेकाबू होकर पलट गया। जिसमें कल्याण सिंह घायल हो गया था। जबकि राजेंद्र की मौत हो गई थी। उपरोक्त मामले में मृतक की पत्नी ऊषा देवी ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने और ट्रैक्टर के पलटने से पति की मृत्यु होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

# फोरलेन के चौराहे पर ठेले ठिलियों व सड़क किनारे चल रहें वर्कशॉप के कारण बढ़ रहीं परेशानी

■ उरई(जालौन)

उरई जालौन फोरलेन नगर की सीमा में अतिक्रमण बढ़ रहा है। फोरलेन के चौराहे पर ठेले ठिलियों के अलावा सड़क किनारे ही वर्कशॉप भी संचालित हो रहे हैं। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।

उरई-जालौन फोरलेन पर देवनगर चौराहे से बंगरा भिंड, औरैया, कोंच, बाबई, लौना, हरदोई गूजर आदि मार्ग निकले हुए हैं। इसके साथ ही नगर में प्रवेश के लिए सड़क निकली है। पूरे दिन बड़ी संख्या में छोटे बड़े वाहनों का निकलना होता है। इसके ही वाहनों का नगर में अंदर आने व जाने का क्रम लगा रहता है। नगर के सबसे व्यस्ततम चौराहे पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए यातायात पुलिस को लगाया गया है। इसके बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर आधी सड़क पर अतिक्रमण कर फल की दुकान, ऑटो, वाहन आदि की गाड़ियां खड़ी रहती है। इतना ही नहीं सड़क के किनारे वर्कशॉप भी संचालित हो रहे हैं। जो सड़क किनारे ही वाहनों को खड़ा कर उनकी मरम्मत करते हैं। सड़क पर अतिक्रमण होने के कारण वाहनों को निकलने में दिक्कत होती रहती है। विपुल, वैभव, महेंद्र आदि ने बताया कि मुख्य सड़क पर अतिक्रमण होने की शिकायत समय समय पर की जाती है। इसके बाद कुछ समय के लिए इन्हें हटवा दिया जाता है। लेकिन कुछ समय बाद फिर से वही स्थिति बन जाती है।

उन्होंने इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग एसडीएम से की है। इस बाबत एसडीएम विनय मौर्य ने बताया कि पूर्व में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया था। इसके बाद भी यदि दुकानदार पुनः अतिक्रमण कर रहे हैं तो पुलिस से कहकर कार्रवाई कराई जाएगी।

### बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु किया जागरूक

**उरई।**मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।



बुधवार को नई दिल्ली में शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन के बाहर भाजपा सांसद कंगना रनौत।

# ईरान ने की युद्धविराम समझौते की सराहना

● तेहरान,

**ईरान** के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने बुधवार को इजरायल और लेबनान के बीच संघर्ष विराम समझौते की सराहना की। बाकेई ने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए इसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय का प्रयास बताया है।

इजरायली सुरक्षा मंत्रिमंडल ने मंगलवार शाम को पूर्ण बहुमत से लेबनान के साथ युद्ध विराम समझौते को मंजूरी दे दी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध विराम की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इजरायल किसी भी संभावित शत्रुता की पुनः शुरुआत पर जबरदस्त प्रतिक्रिया देगा। ईरानी मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा कि ईरान



के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने लेबनान के खिलाफ इजरायली शासन की आक्रामकता की समाप्ति की खबर का स्वागत किया और लेबनानी सरकार, राष्ट्र और प्रतिरोध (बलों) को इस्लामी गणराज्य ईरान के दृढ़ समर्थन पर जोर दिया। प्रवक्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गाजा पट्टी में युद्ध को समाप्त करने के लिए इजरायल को रोकना चाहिये। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घोषणा की कि इजरायल और लेबनानी सरकार के बीच वाशिंगटन के युद्ध विराम प्रस्ताव पर सहमत बन गई है, जिसमें 60 दिनों के भीतर लेबनान से इजरायली सेना की वापसी भी शामिल है। योजना के तहत, लेबनानी सेना दक्षिणी लेबनान पर नियंत्रण करेगी, जबकि हिजबुल्लाह अपनी सेना को लिटानी नदी के उत्तर में स्थानांतरित करेगा।

## इजरायल, हिजबुल्लाह युद्ध विराम समझौता स्थायी होगा: अमेरिका

**वाशिंगटन, वार्ता :** लेबनान में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच अमेरिका की ओर से प्रस्तावित 60 दिवसीय युद्धविराम समझौता बुधवार को स्थानीय समयानुसार बुधवार तड़के करीब चार बजे 'स्थायी रूप से' प्रभावी होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने कहा कि आज हुए समझौते के तहत स्थानीय समयानुसार बुधवार तड़के करीब चार बजे से लेबनान-इजरायल सीमा पर लड़ाई समाप्त हो गई। उन्होंने कहा कि यह समझौता शत्रुता को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए बनाया गया है। हिज्बुल्लाह और अन्य आतंकवादी संगठनों के बचे हुए लोगों को अनुमति नहीं दी जाएगी। बाईडेन ने कहा कि अगले 60 दिनों में, इजरायल धीरे-धीरे अपनी शेष सेना वापस ले लेगा और दोनों पक्षों के नागरिक जल्द ही सुरक्षित रूप से अपने समुदायों में वापस लौट सकेंगे और अपने घरों का पुनर्निर्माण शुरू कर सकेंगे।

# ताइवान के एयरस्पेस में घुसे चीनी विमान

**लगातार तीसरे दिन घुसपैठ अमेरिकी विमानों की निगरानी के लिए भी चीन ने जहाज तैनात किए**

● ताइवान,

**ताइवान** के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि चीन उसकी सीमा के आस-पास सैन्य गतिविधियां बढ़ा रहा है। बुधवार सुबह चीन के करीब 17 विमान और 7 जहाज ताइवान की सीमा के पास पहुंचे। इनमें से 10 विमानों ने ताइवान के एयरस्पेस में घुसपैठ भी की है।

चीन ने पिछले कई दिनों में ताइवान की सीमा में घुसपैठ बढ़ाई है। इससे पहले मंगलवार को भी चीन के 5 विमान और 7 जहाजों को ताइवान सीमा के पास देखा गया था। इनमें से 4 विमान ताइवान के एयरस्पेस में घुसे थे। वहीं सोमवार को भी चीन के 12 विमानों और 7 जहाजों ने ताइवान की सीमा को पार किया था। चीन की तरफ से लगातार हो रही घुसपैठ के चलते ताइवान ने सुरक्षा को कड़ी करने का फैसला किया है। इसके लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। चीन ने मंगलवार को अमेरिकी नौसेना के विमानों की निगरानी के लिए अपने सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों को तैनात किया है। अमेरिकी



नौसेना के 7वें बेड़े के ढ-8अ पोसीडॉन विमान ने चीन और ताइवान के बीच समुद्री रास्ते से उड़ान भरी थी। चीन ने अमेरिका के इस कदम की आलोचना करते हुए इस क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा बताया था। वहीं अमेरिका ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक गश्ती करने के लिए सही ठहराया था। चीन और ताइवान के बीच जारी विवाद में अमेरिका, ताइवान के लिए हथियारों का सबसे बड़ा मददगार है। अमेरिकी सैन्य जहाज और विमान नियमित तौर पर ताइवान और चीन के बीच समुद्री रास्ते से गुजरते रहते हैं। चीन ने ताइवान को निर्यात होने वाली कई किताबों को जब्त किया है। चीन ने आरोप लगाया कि इन किताबों में ताइवान को अलग देश के तौर पर दिखाने वाला नक्शा था। चीन ने इसे वन चाइना सिद्धांत का उल्लंघन बताते हुए किताबों को जब्त कर लिया। चीनी कस्टम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इन किताबों में विवादित नक्शे थे।

# ट्रंप ने भारतवंशी भट्टाचार्य को बनाया एनआईएच डायरेक्टर

● वाशिंगटन,

**अमेरिका** में नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी सरकार के लिए अहम पदों की नियुक्तियां कर रहे हैं। इसमें कुछ भारतीय मूल के लोगों को भी जगह मिली है। ट्रंप ने भारतवंशी फिजीशियन और इकोनॉमिस्ट डॉ. जय भट्टाचार्य को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) का डायरेक्टर बनाने का फैसला किया है। जय भट्टाचार्य पर देश के प्रमुख मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट की जिम्मेदारी होगी।

एनआईएच के डायरेक्टर के तौर पर भट्टाचार्य 27 संस्थानों की देखरेख करेंगे। ये संस्थान महामारी के लिए वैक्सीन तैयार करने और नई दवाएं विकसित करने के लिए काम करते हैं। भट्टाचार्य ने एक्स पर पोस्ट करके इसके बारे में जानकारी दी। भट्टाचार्य ने कहा कि मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा का डायरेक्टर चुना जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हम अमेरिकी वैज्ञानिक संस्थानों में सुधार करेंगे ताकि वे फिर से भरोसे के लायक हों और अमेरिका को फिर से स्वस्थ बनाने के लिए विज्ञान का बेहतर इस्तेमाल करेंगे। भट्टाचार्य स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में हेल्थ पॉलिसी के प्रोफेसर हैं और नेशनल ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक्स रिसर्च में रिसर्च एसोशिएट हैं। जय भट्टाचार्य 1968 में कोलकाता में पैदा हुए थे। उन्होंने 1997 में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन से



**कोविड में सरकार की आलोचना के लिए चर्चा में रहे, 27 संस्थानों की देखरेख करेंगे**

एमडी की डिग्री हासिल की और 2000 में इकोनॉमिक्स में पीएचडी की डिग्री हासिल की। भट्टाचार्य 'ग्रेट बैरिंगटन घोषणापत्र' के तीन प्रमुख लेखकों में से एक हैं। यह घोषणापत्र 2020 में कोरोनाकाल में जारी किया गया था। इसमें कहा गया था कि वायरल को हेल्दी लोगों के बीच फैलने देना चाहिए। ऐसा कर वायरस के खिलाफ नैचुरल इम्युनिटी विकसित की जा सकती है। इस घोषणापत्र के दो और लेखक स्कॉट एटलस और एलेक्स अजार हैं। एटलस ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान उनके सलाहकार थे।

## नक्सली माओवादी कमांडर की हत्या

**रांची,वार्ता :** झारखंड में लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भीमपांव जंगल के पास माओवादी कमांडर छोटू खरवार की हत्या कर दी गई। पलामू डीआईजी वाई एस रमेश ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि आपसी विवाद में माओवादी छोटू खरवार की हत्या हुई है। हालांकि पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद ही हत्या का कारण साफ हो पाएगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलवार की रात समझौते के लिए माओवादी नक्सली भीमपाव जंगल में इकट्ठा हुए थे। इसी बीच विवाद बढ़ गया और माओवादी एक-दूसरे से उलझ गए।इस दौरान एक माओवादी ने छोटू खरवार की गोली मारकर हत्या कर दी गई ।घटना के बाद मृतक के शव को जंगल में छोड़कर अन्य नक्सली मौके पर से फरार हो गए।

## विस्फोट होने से दो भाई घायल

**गया, वार्ता :** बिहार में गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में कचरे के ढेर में हुए विस्फोट से दो बच्चे घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि तेल बिगहा डाक स्थान के समीप बादल कुमार और लक्ष्मण कुमार कचरा बीनने के दौरान थैली उठाकर पटक रहे थे। इस दौरान अचानक एक थैली फट गई, जिससे तेज धमाका हुआ। इस घटना में दोनों बच्चे घायल हो। गये। दोनों घायल लड़के स्वर्गीय रंजन कुमार के पुत्र हैं। सूत्रों ने बताया कि धमाके के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बच्चों को जेपीएन अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

## फेलन नौसेना सचिव के लिए नामित

**वाशिंगटन, वार्ता:** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उन्होंने अपने प्रशासन में उद्यमी और कला संग्रहकर्ता जॉन फेलन को नौसेना के सचिव के पद पर नियुक्त किया है। ट्रंप ने एक बयान में कहा कि जॉन फेलन को हमारे अगले अमेरिकी नौसेना सचिव के रूप में घोषित करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। जॉन हमारे नौसेना सेवा सदस्यों के लिए एक जबरदस्त ताकत होंगे। वह अमेरिका के व्यवसाय को आगे बढ़ाएंगे। फेलन एमएसडी कैपिटल के संस्थापकों में से एक हैं। उनके पास राजनीतिक अध्ययन में डिप्लोमा और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में डिग्री है। अनुभव हमारे देश की सेवा करने वाले बहादुर अमेरिकियों के जीवन को ऊपर उठाएगा।

# छात्रसंघ चुनावः हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

नैनीताल

**उत्तराखंड** हाईकोर्ट ने प्रदेश में अभी तक छात्र संघ के चुनाव नहीं कराए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश की एकलपीठ ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर की तिथि नियत की है।



मामले के अनुसार किशन सिंह ने याचिका दायर कर कहा कि राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर कहा था कि सभी विश्वविद्यालय सितंबर माह तक एडमिशन पूरा करके छात्र संघ का चुनाव सम्पन्न करा लें। लेकिन कई विवि ने अक्टूबर माह तक तो छात्रों के एडमिशन कराए हैं, सितंबर माह में चुनाव कैसे हो सकते है। यह आदेश गलत है इसपर रोक लगाई जाय। राज्य सरकार ने लिंगदोह कमेटी की रिपोर्ट, सर्वोच्च न्यायलय के दिशा निदेर्शों का उल्लंघन किया है। सर्वोच्च न्यायलय के दिशा निर्देश, लिंगदोह कमेटी की रिपोर्ट व यूजीसी की नियमावली में स्पष्ठ कहा गया है कि हर विश्वविद्यालय का अपना एक शैक्षणिक कलेंडर होगा उसी के आधार पर सभी कार्यक्रम निर्धारित होंगे। एडमिशन होने के आठ सप्ताह के बाद छात्र संघ के चुनाव भी होंगे। यहां राज्य सरकार ने कमेटी की रिपोर्ट, यूजीसी के नियमों व विश्वविद्यालय के नियमावली का उल्लंघन करके एक आदेश पारित कर दिया। सितंबर माह तक चुनाव कराने की तिथि तक नियत कर दी।



बुधवार को पटना में राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते राजद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राजद विधायक तेजप्रताप।

# चक्रवाती तूफान 'फेंगल' में हो जाएगा तब्दील

## तमिलनाडु के कई हिस्सों में तीन दिसंबर तक भारी बारिश का अनुमान

● चेन्नई,

**बंगाल** की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में मंगलवार को बना कम दबाव का क्षेत्र उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ गया है और यह अगले छह घंटों में 'फेंगल' नामक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगा, तथा तमिलनाडु के कई हिस्सों में तीन दिसंबर तक भारी बारिश का अनुमान है।

इस बीच, कावेरी डेल्टा जिलों में भारी बारिश हुई और कुछ इलाकों में 15 सेमी तक बारिश दर्ज की गई। प्रशासन ने सभी शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश घोषित कर दिया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, चेन्नई के वरिष्ठ वैज्ञानिक पी सेंथमारई कन्नन ने बुधवार को एक अपडेट में कहा कि गहरा दबाव पिछले छह घंटों के दौरान 13 किमी



प्रति घंटे की गति से उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ा और सुबह 08.30 बजे उसी क्षेत्र में केंद्रित था। यह त्रिंकोमाली से लगभग 120 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण पूर्व, नागपट्टिनम से 370 किलोमीटर दक्षिण पूर्व, पुड्डुचेरी से 470 किलोमीटर दक्षिण पूर्व और चेन्नई से 550 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पूर्व में केंद्रित है। यह उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ना जारी रखेगा और अगले 12 घंटों (अब से छह घंटे) के दौरान अधिक तीव्र होकर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगा। इसके बाद, यह अगले दो दिन के दौरान श्रीलंका तट को घेरते हुए उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ते हुए तमिलनाडु तट की ओर बढ़ना जारी रखेगा।मौसम विभाग ने तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में अगले सात दिन के लिए पूर्वानुमान और चेतावनी जारी की है। पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले दिनों में कई जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है, जबकि कुड्डलूर, तिरुवरुर, नागपट्टिनम और मयिलादुथुराई जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और कराईकल क्षेत्र में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा एक या दो स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। कुड्डालोर, तिरुवरुर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई जिलों और कराईकल क्षेत्र में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और एक या दो स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है और कांचीपुरम, चेंगलपट्टू, विल्लुपुरम, अरियालुर, तंजावुर और पुडुकोट्टई जिलों और पुड्डुचेरी में अलग-अलग स्थानों पर बारिश होने का अनुमान है।

## पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा भ्रष्टाचार मामले में बरी

**ढाका, वार्ता :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को बुधवार को देश के उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी कर दिया। बीएनपी की अध्यक्ष जिया को



चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया, जिसमें उन्हें 29 अक्टूबर, 2018 को निचली अदालत ने सात साल के कारावास की सजा सुनाई थी। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, उच्च न्यायालय ने बुधवार को निचली अदालत के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें जिया और दो अन्य को मामले में सजा सुनाई गई थी।

## सार संक्षेप

### बालू माफिया को संरक्षण देने वाले दो खनन पदाधिकारी निलंबित

**छपरा :** बिहार में सारण जिले के दो खनन पदाधिकारी को बालू माफियाओं को संरक्षण देने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि 24 नवम्बर को खान एवं भूतत्व विभाग और सारण जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बालू माफिया के विरुद्ध छापामारी की गई थी।इस अभियान में लाल बिहारी प्रसाद और अंजनी कुमार खनन पदाधिकारी के रूप में सारण जिले में कार्यरत रहते हुए अवैध रूप से बालू माफिया को संरक्षण दे रहे थे। सूत्रों ने बताया कि बालू माफियाओं को संरक्षण देने के मामले में दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।

### यामी ने आईएफएफआई में 'आर्टिकल 370' की सफलता पर जाहिर की खुशी



**पणजी :** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई)में अपनी फिल्म'आर्टिकल 370' की सफलता पर खुशी जाहिर की है। यामी गौतम ने अपनी फिल्म 'आर्टिकल 370' की स्क्रीनिंग के लिए गोवा में हुए आईएफएफआई में हिस्सा लिया और फिल्म और अपने सिनेमा के सफर पर अपने विचार साझा किए। यामी गौतम ने कहा कि मैंने हमेशा ऐसी फिल्मों को चुना है जो किसी न किसी तरीके से खास होती हैं, और आदित्य ने भी ऐसा ही किया। उन्होंने इस फिल्म को लोकेश के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया। यह कोई बहुत पॉपुलर किस्म की फिल्म नहीं थी, और इसके साथ कई सवाल और सलाहें आईं जैसे, 'क्या आपको यकीन है? क्या ये फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी? क्या ये जुड़ पाएगी? इसमें कोई गाने नहीं हैं। यह एक गंभीर फिल्म है और डॉक्यूमेंट्री पर आधारित है। लेकिन हमें पूरी तरह से यकीन थे कि अगर यह फिल्म अच्छी तरह से बनाई गई है, अच्छी कहानी है, अच्छे परफॉर्मेंस हैं और सही टीम का समर्थन है, तो यह जरूर सफल होगी।

### एस जयशंकर ने की इटली, जापान, दक्षिण कोरिया के समकक्षों से मुलाकात

**फिउग्गी (इटली) :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इटली के फिउग्गी में जी 7 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान इटली, जापान और दक्षिण कोरिया के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी के साथ अपनी बैठक के बारे में विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट लिखा कि दोनों ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे, यूक्रेन संघर्ष और इंडो-पैसिफिक पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी के साथ गर्मजोशी से भरी बैठक हुई। प्रौद्योगिकी, नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा, उर्वरक, रेलवे और निवेश में अवसरों पर चर्चा की। आईएमईसी, यूक्रेन और इंडो-पैसिफिक पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। हाल ही में घोषित संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना हमारी गतिविधियों का मार्गदर्शन करती है। 2025 में भारत में उनका स्वागत करने के लिए तत्पर हैं। दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ताए-युल के साथ अपनी बैठक के बारे में उन्होंने पोस्ट किया कि कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्री चो ताए-युल से मिलकर बहुत अच्छा लगा। भारत-प्रशांत क्षेत्र में हमारे बढ़ते सहयोग, जीवंत आर्थिक साझेदारी, मजबूत रक्षा संबंधों और सक्रिय तकनीकी सहयोग की सराहना करता हूं। दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री ने पोस्ट किया कि फिउग्गी में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक की हलचल में डा. एस जयशंकर से मिलकर और उनसे बातचीत करके भी प्रसन्नता हुई, हमेशा की तरह व्यावहारिक!

संपादकीय

# फड़नवीस का रास्ता साफ!

**महाराष्ट्र** में कौन मुख्यमंत्री होगा, इसकी गुत्थी सुलझ गई है। मुख्यमंत्री की रेस से एकनाथ शिंदे के हटने के बाद अब देवेंद्र फडणवीस की वापसी का रास्ता साफ हो गया है। सीएम शिंदे के मुख्यमंत्री पद की दौड़ से हटने के बाद अब सीएम और दो डिप्टी सीएम के फॉर्मूले के तहत शिवसेना से कोई और उप मुख्यमंत्री बन सकता है। एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर होना ही था। भाजपा की 132 सीटें हैं। इसलिए मुख्यमंत्री तो उसका ही बनना था, बनना भी चाहिए। एकनाथ शिंदे इसलिए मुख्यमंत्री बना दिए गए थे, क्योंकि उन्होंने न सिर्फ शिवसेना को तोड़ा बल्कि शिवसेना पर पूरी तरह कब्जा कर लिया। अब सवाल यह है कि एकनाथ शिंदे क्या करेंगे क्या वे देवेंद्र फड़नवीस की तरह उपमुख्यमंत्री बनना पसंद करेंगे देवेंद्र फड़नवीस तो इसलिए उप मुख्यमंत्री बन गए थे, क्योंकि उस वक्त एकनाथ शिंदे उनकी जरूरत थी। उनके समर्थन के बगैर महाविकास अघाड़ी को नहीं रोका जा सकता था। अब एकनाथ शिंदे भाजपा की मजबूरी नहीं हैं। इसलिए भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री क्यों बनाएगी। भारतीय जनता पार्टी की महायुति में इतनी ज्यादा सीटें हैं कि न तो एकनाथ शिंदे और न ही अजित पवार भाजपा पर दबाव बनाने की स्थिति में हैं। अगर कल दोनों भाजपा को समर्थन भी नहीं देते हैं, तो बहुमत के लिए भाजपा दस-बीस विधायकों का इंतजाम आराम से कर सकती है। ये बात तो एकनाथ शिंदे और अजित पवार भी जानते होंगे कि भाजपा क्या कर सकती है इसलिए महाराष्ट्र में बड़े भाई की भूमिका में भाजपा ही रहने वाली है। सरकार का पूरी तरह नियंत्रण भी भाजपा के हाथ में रहने वाला है। अब ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर वो क्या वजह है कि एकनाथ शिंदे बैकफुट पर आ गए और मुख्यमंत्री पद की जिद छोड़ने का फैसला ले लिया। अगर ऐसा ही करना था तो चुनाव परिणाम आने के बाद चार दिनों बाद तक शिवसेना एकनाथ शिंदे को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने की जिद करते हुए हाई वोल्टेज ड्रामा क्यों करते रहे? एकनाथ शिंदे के बैकफुट जाने की वजह क्या एकनाथ शिंदे का सांसद बेटा श्रीकांत शिंदे है? मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि एकनाथ शिंदे ने बेटे श्रीकांत शिंदे को देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाले महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में डिप्टी सीएम नियुक्त करने की डिमांड रखी थी। क्या एकनाथ शिंदे ने अपने बेटे को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की बात पर खुद को मुख्यमंत्री पद से अलग किया है? अगर ऐसा है तो यह जल्दी ही सामने आ जाएगा।

**भारतीय जनता पार्टी की महायुति में इतनी ज्यादा सीटें हैं कि न तो एकनाथ शिंदे और न ही अजित पवार भाजपा पर दबाव बनाने की स्थिति में हैं। भाजपा ही बड़ा भाई बनेगी।**

# सिकुड़ता मध्य वर्ग और मुद्रास्फीति

सामयिक



**शाहीन सबा**

**भा**रत में अक्टूबर के मुद्रास्फीति के आंकड़ों ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है। खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त 2023 के बाद पहली बार अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर 6.21 प्रतिशत के साथ 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति 5.49 प्रतिशत थी, जबकि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में औसत दर 4.2 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति अक्टूबर 2023 में 4.87 प्रतिशत थी। इस वर्ष सितंबर में, खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के मध्यम अवधि के लक्ष्य 4 प्रतिशत (+/-2 प्रतिशत) के सहनशीलता बैंड को पार कर गई। पिछले 12 महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति 8 प्रतिशत से ऊपर रही है। अक्टूबर में कीमतों में उछाल का एक बड़ा कारण संभवतः सब्जियों की ऊंची कीमतें हैं। भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (उढक) घटक का लगभग आधा हिस्सा खाद्य संबंधी लेखों से बना है। कोर मुद्रास्फीति (जिसमें अस्थिर खाद्य और ऊर्जा घटक शामिल नहीं है, और जिसे मांग दबाव के संकेतक के रूप में भी देखा जाता है) 3.7 प्रतिशत के साथ 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं अक्टूबर में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति भी बढ़कर 2.36 प्रतिशत हो गई, जो 4 महीने का उच्चतम स्तर है। खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति बढ़कर 13.54 प्रतिशत हो गई, जबकि ईंधन में अपस्फीति देखी गई।




मुद्रा स्फीति के सितम्बर और अक्टूबर माह के क्षेत्रवार आंकड़ों पर नजर डालें तो अक्टूबर में, ईंधन और प्रकाश मुद्रास्फीति (-) 1.61 प्रतिशत रही, जबकि पिछले महीने 1.31 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आवास मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 2.81 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर में 2.78 प्रतिशत थी। पिछले महीने कपड़ों और जूतों की मुद्रास्फीति 2.70 प्रतिशत थी। खाद्य मुद्रास्फीति, जो समग्र उपभोक्ता मूल्य सूचकांक बास्केट का लगभग आधा हिस्सा बनाती है, अक्टूबर में बढ़कर 10.87 प्रतिशत हो गई, जो पिछले महीने 9.24 प्रतिशत थी। ग्रामीण मुद्रास्फीति भी सितंबर में 5.87 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 6.68 प्रतिशत हो गई, जबकि शहरी मुद्रास्फीति पिछले महीने के 5.05 प्रतिशत से बढ़कर 5.62 प्रतिशत हो गई। रसोई के मुख्य खाद्य पदार्थों, खासकर प्याज की कीमतों में उछाल चिंताजनक है। प्याज के थोक मूल्य 40-60 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 70-80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गए हैं, कुछ क्षेत्रों में 8 नवंबर तक कीमतें 80 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। सब्जियों की कीमतों में अक्टूबर में 42.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो लगातार होती दुर्दशा को दर्शाता है। हालांकि नई फसल के आने से खाद्य कीमतों पर मुद्रास्फीति के दबाव में कमी आने की उम्मीद है।

सरकार का मानना है कि मुख्य मुद्रास्फीति दर, जो कुछ खाद्य पदार्थों से प्रभावित होती है, अंतर्निहित मांग का सबसे सटीक माप नहीं हो सकती है। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने यह मुद्दा उठाया है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (उएअ) अनंथा नागेश्वरन ने पहले भारत के मुद्रास्फीति ढांचे से खाद्य को बाहर करने की आवश्यकता की ओर इशारा किया था। अपनी 2023-24 की सर्वेक्षण रिपोर्ट में, वित्त मंत्रालय ने प्रस्ताव दिया कि भारत के मौद्रिक नीति ढांचे को खाद्य को छोड़कर मुद्रास्फीति को लक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, क्योंकि खाद्य कीमतें, मांग की तुलना में आपूर्ति कारकों से अधिक प्रभावित होती हैं।

एक तरफ अर्थव्यवस्था में मंदी के संकेत दिख रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मुद्रास्फीति की इस वृद्धि से आरबीआई फिर अलर्ट मोड पर दिखाई पड़ता है। आरबीआई द्वारा मौद्रिक ढील की संभावना में और देरी हो सकती है। इससे अर्थव्यवस्था में निजी निवेशकों में निराशा हो सकती है जो आर्थिक वृद्धि दर को प्रभावित करेगी। भारत में कॉरपोरेट जगत लम्बे समय से नीतिगत दरों में कटौती की बाट जोह रहा है। अधिकांश विश्लेषकों, जिनमें भारतीय स्टेट बैंक के अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष शामिल हैं, ने पहले ही आगामी दिसंबर में आरबीआई द्वारा नीतिगत दरों में कटौती की संभावना को खारिज कर दिया है। आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि सीपीआई मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए एमपीसी के अनुमान से कम से कम 60-70 बीपीएस अधिक होने की उम्मीद है। इससे दिसंबर 2024 की नीति समीक्षा में दरों में कटौती की संभावना नहीं दिखती है।

भारत का मध्यम वर्ग अपनी कमर कस रहा है क्योंकि उच्च मुद्रास्फीति उनकी खर्च करने की क्षमता को कम कर रही है। शहरी खपत में यह मंदी भारत की आर्थिक वृद्धि को खतरे में डालती है। भारत के शहरी निवासी बिस्किट से लेकर फास्ट फूड तक, हर चीज पर खर्च में कटौती कर रहे हैं। लगातार उच्च मुद्रास्फीति मध्यम वर्ग के बजट को कम कर रही है। पिछले तीन से चार महीनों में शहरी खर्च में कमी ने, न केवल सबसे बड़ी उपभोक्ता वस्तु कंपनियों की आय को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि इसने भारत की दीर्घकालिक आर्थिक सफलता की संरचनात्मक प्रकृति पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे देश की तेज आर्थिक वृद्धि को खतरा है।

महामारी के खत्म होने के बाद से भारत की आर्थिक वृद्धि काफी हद तक शहरी खपत से प्रेरित रही है, हालांकि, अब इसमें बदलाव होता दिख रहा है। भारत में आय और सम्पत्ति के वितरण में असमानताएं और गहरी होती जा रही हैं। इससे मध्यम वर्ग सिकुड़ता जा रहा है। एक मध्यम वर्ग हुआ करता था, जिसके द्वारा ज्यादातर फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स की मांग की जाती थी। इससे अर्थव्यवस्था में निवेश, रोजगार, और मांग में सतत वृद्धि का क्रम बना रहता था। हालांकि भारतीय मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए कोई आधिकारिक रूप से परिभाषित आय वर्ग नहीं है, लेकिन मोटे तौर पर अनुमान है कि वे भारत के 1.4 बिलियन लोगों में से लगभग एक तिहाई हैं। उन्हें आर्थिक और राजनीतिक दोनों रूप से एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकी माना जाता है। इस साल लोकसभा चुनावों में सत्ताधारी राजग के कमजोर चुनावी प्रदर्शन के पीछे मध्यम वर्ग की हताशा को एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में देखा जा रहा है।

केंद्रीय बैंक मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए 7.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि की उम्मीद करता है। इस उम्मीद का आधार बेहतर ग्रामीण मांग और मजबूत सेवा क्षेत्र है। इन आशावादी आर्थिक विश्लेषकों के अर्थव्यवस्था के बारे में गुलाबी अनुमानों को झुठलाते हुए, घरेलू क्षेत्र में तीव्र मंदी के संकेत हैं। सिटीबैंक द्वारा प्रकाशित एक सूचकांक, जो एयरलाइन बुकिंग, ईंधन बिक्री और मजदूरी जैसे संकेतकों को दर्शाता है, के अनुसार भारतीय शहरी खपत अक्टूबर में दो साल के निचले स्तर पर पहुंच गई। शहरीखपत में कमी के साथ बचत में गिरावट, और व्यक्तिगत ऋणों के लिए सख्त नियम भी मंदी के लिए जिम्मेदार हैं। कम आशावादी अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि केंद्रीय बैंक के अनुमानित 7 प्रतिशत से कम रहेगी, जिसका कारण शहरी खपत में कमी है।

**शहरी खपत में कमी के साथ बचत में गिरावट, और व्यक्तिगत ऋणों के लिए सख्त नियम भी मंदी के लिए जिम्मेदार हैं। कम आशावादी अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि केंद्रीय बैंक के अनुमानित 7 प्रतिशत से कम रहेगी, जिसका कारण शहरी खपत में कमी है।**

पाठकवाणी

## लखपति दीदी यानी सपनों को पंख

**भारत** के ग्रामीण क्षेत्रों के विस्तृत मैदानों में, जहां संघर्ष की कहानियां अक्सर दृढ़ता से जुड़ी होती हैं, एक शांत क्रांति जन्म ले रही है। लखपति दीदी योजना, जिसने 11 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की है, आशा और परिवर्तन का प्रतीक बन गई है। यह पहल मात्र एक नीति नहीं है; यह भारतीय महिलाओं की अदम्य भावना और आर्थिक अवसर की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण है। पिछले दशकों से, ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक चर्चा के हाशिये पर रखा गया, उनके योगदान को कम आंका गया और उनकी महत्वाकांक्षाओं को नजरअंदाज किया गया। लखपति दीदी योजना ने, उद्यमिता और कौशल विकास को प्रोत्साहित कर, इस कहानी को बदल दिया है। जो महिलाएँ कभी गरीबी की भूलभुलैया में भटकती थीं, आज वे मुनाफे और बैलेंस शीट की भाषा बोलती हैं। छोटे उद्यम चलाने से लेकर स्व-सहायता समूहों का संचालन करने तक, ये महिलाएँ केवल आजीविका अर्जित नहीं कर रही हैं; वे विरासत रच रही हैं। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश के एक दूरदराज गांव की सावित्री देवी को लें। जो कभी गुजारे के लिए संघर्ष करती थीं, अब एक सफल जैविक खेती उद्यम चला रही हैं। वह गर्व से कहती हैं। सावित्री जैसी कहानियां पूरे देश में गूंज रही हैं, जो परिवर्तन की जीवंत तस्वीर पेश करती हैं।

**-परमवीर सिंह**, मेरठ

कुछ खास



पिछले दो-ढाई सालों में दिल्ली में कानून-व्यवस्था हुई खराब हुई है। राष्ट्रीय राजधानी में गैंगवार को रोक पाने में गृह मंत्री अमित शाह पूरी तरह नाकाम रहे हैं। लोग अपने घरों से निकलने में डर रहे हैं। यहां गैंगस्टरों और गुंडों का राज हो गया है।

**-अरविंद केजरीवाल**, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री

आज का ट्वीट



''योगीजी ने कहा है संभल में दंगाइयों से पाई पाई वसूला जाएगी। अच्छी बात है। लेकिन योगीजी बताएंगे कि बहराइच दंगों में कितनी वसूली की गई थी?''

**-राजीव निगम**

साइबरवर्ल्ड

## कम भुगतान वाली नौकरियों में वृद्धि

**भारत** में पिछले कुछ वर्षों में रोजगार बाजार में एक चिंताजनक बदलाव आया है। कम-भुगतान वाली और निम्न-गुणवत्ता वाली नौकरियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जो खासतौर पर सेवा क्षेत्र में देखी जा रही है। ये नौकरियां न केवल मजदूरी में कमी करती हैं, बल्कि श्रमिकों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को भी खतरे में डालती हैं। भारत के सेवा क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हुई है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, मनोरंजन, आतिथ्य, और रेस्तरां जैसे उद्योग शामिल हैं। हालांकि, ये उद्योग पारंपरिक रूप से कम वेतन प्रदान करते हैं और इनमें से अधिकांश नौकरियां अस्थायी या अंशकालिक होती हैं। उदाहरण के तौर पर, रेस्तरां, होटल, और छोटे-बड़े दुकानों में काम करने वाले कई श्रमिकों को न्यूनतम वेतन और बिना किसी विशेष लाभ के काम करना पड़ता है। 2020-21 में भारत में औसत मासिक वेतन केवल 16,000 था, जो कि बहुत कम है। इस आंकड़े से यह साफ हो जाता है कि अधिकांश श्रमिक, विशेष रूप से निम्न-स्तरीय श्रमिकों को न्यूनतम वेतन से भी कम पर काम करना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से अस्थायी और अंशकालिक नौकरियों में अधिक देखी जाती है। इन नौकरियों में अक्सर श्रमिकों को स्वास्थ्य बीमा, पेंशन, और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ नहीं मिलता है, जो उनके जीवन स्तर और मानसिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों का सुदृढ़ीकरणः सरकार को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को सुधारने और विस्तारित करने की आवश्यकता है, ताकि श्रमिकों को बुनियादी लाभ मिल सके, जैसे कि स्वास्थ्य बीमा, पेंशन योजना, और विकलांगता लाभ। भारत में कम-भुगतान वाली और निम्न-गुणवत्ता वाली नौकरियों की वृद्धि केवल एक आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और मानवाधिकारों की भी चुनौती है। यदि इसे समय रहते नहीं सुधारा गया, तो इससे श्रमिकों की स्थिति और भी विकट हो सकती है, और इससे व्यापक सामाजिक असंतुलन भी उत्पन्न हो सकता है। सरकार को इस दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

**-सुरेश पांडेय** की फेसबुक वॉल से

अमृतवाणी

## अंधेरे के बीच

**एक** था चूहा, एक थी गिलहरी। चूहा शरारती था। दिन भर 'चीं-चीं' करता हुआ मौज उड़ाता। गिलहरी भोली थी। 'टी-टी' करती हुई इधर-उधर घूमा करती। संयोग से एक बार दोनों का आमना-सामना हो गया। अपनी प्रशंसा करते हुए चूहे ने कहा, 'मुझे लोग मूषकराज कहते हैं और गणेशजी की सवारी के रुप मे रूप में खूब जानते हैं। मेरे पैने-पैने हथियार सरीखे दांत लोहे के पिंजरे तो क्या, किसी भी चीज को काट सकते हैं।' मासूम-सी गिलहरी को यह सुनकर बुरा सा लगा। उसे लगा कि चूहे महाराज की बातों में घमंड बोल रहा है। बोली, 'भाई, तुम दूसरों का नुकसान करते हो, फायदा नहीं। यदि अपने दांतों पर तुम्हें इतना गर्व है, तो इनसे किसी का नुकसान नहीं, कोई नक्काशी क्यों नहीं करते? इनका उपयोग करो, तो जानूं! जहां तक मेरा सवाल है, मुझमें तुम सरीखा कोई गुण नहीं है। जो दाना-पानी मिल जाता है, उसका कचरा साफ करके संतोष से खा लेती हूं। मेरे बदन पर तीन धारियां देख रहे हो न, बस ये ही मेरी खास चीज है।'



चूहा बोला, 'तुम्हारी तीन धारियों की विशेषता क्या है?' गिलहरी बोली, 'वाह! तुम्हें पता नहीं? दो काली धारियों के बीच एक सफेद धारी है। यह अंधेरे के बीच आशाओं का प्रकाश है। दो काली अंधेरी रातों के बीच ही एक सुनहरा दिन छिपा रहता है। यह प्रतीक है कि कठिनाइयों की परतों के बीच में ही असली सुख बसता है।' सुनकर चूहा लज्जित हो गया। सामर्थ्य का उपयोग दूसरों को हानि पहुंचाने में नहीं, आशा जगाने में होनी चाहिए।

तीखी नजर

## कौन देखता है चलने दो



केदार शर्मा

**न** जाने कौन सा पल मौत की अमानत हो, हर एक पल की खुशी को गले से लगा के जियो। गमों का दौर भी आए तो मुस्कराकर जियो। हमराज फिल्म के इस गीत के बोल में जीवन का दर्शन छुपा है। परतुं खुशी को तभी गले लगाया जा सकता है जब हर एक पल को ईमानदारी और गंभीरता से लिया गया हो। वह पल खास बन सकता है। अगर चलने दो, कौन देखता है की मानसिकता दिमाग में आ गई तो वही पल गले की फांस भी बन सकता है। यह मानसिकता तब भी आ जाती है जब सांख्यिकी के आंकड़े मिलाने होते हैं। एक लोकोक्ति है कि सरकार के लिए आंकड़े उतने ही जरूरी हैं जितने भैंस के लिए कांकड़े (पशु आहार)। केवल आंकड़े होना ही पर्याप्त नहीं हैं, उनका आड़े-सीधे मिलान भी उतना ही जरूरी होता है।

अब चुनाव को ही लीजिए,मतदान समाप्ति पर महिला-पुरुष मतदाताओं की संख्याो ईवीएम द्वारा दर्शाए जा रहे कुल मतदाताओं के बराबर होने चाहिए। मतदान प्रक्रिया के दौरान चिह्न लगाने में चूक हो गई तो जैसे-तैसे मिलाना ही एक उपाय बचता है कि कौन देखता है जी,चलने दो। प्रत्येक खेत में कौनसी फसल उगी है, इसे राजस्व लेखों में दर्ज करना होता है। अब मान लो पटवारी ने अंदाजन किसी खेत में गेहूं की फसल दर्ज कर दी, यह सोचकर कि हजारों खेत हैं, कौन देखता है चलने दो। उधर, किसान सरकारी लेवी के खरीद केंद्र पर चने की फसल लेकर पहुंचता है, इधर दस्तावेज में अंकित गेहूं की पोल खुलती नजर आती है, जो अनुमान से लिखने वाले की गले की फांस बन जाती है। इसी तरह एक जांचकर्ता किसी उत्तर पुस्तिका की गंभीरता से जांच नहीं करे और सोच ले चलने दो, कौन देखता है। फिर वही छात्र उसी उत्तर पुस्तिका की दोबारा जांच करवा ले तो उसी पल वह जांचकर्ता के लिए गले की फांस बन जाती है।

पिछले दिनों राजस्थान के झुंझुनू जिले के सरकारी अस्पताल में घटित हुई ऐसी ही एक घटना मीडिया में काफी चर्चित रही। किसी आश्रयदानी संस्था द्वारा वहां रह रहे एक मूक-बधिर-विमंदित युवक को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान धरती के भगवान कहे जाने वाले चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह युवक मोर्चरी के डीप फ्रीजर में दो घंटे बंद रहा। एक चिकित्सक ने बिना चीर-फाड़ के कागजों में काल्पनिक कारण लिखकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार कर दी। शायद इसी सोच के साथ कि चलने दो कौन देखता है । वैसे भी अनाथ था। उसे मोक्षधाम में ले जाकर चिता पर रखा गया। उन पलों की पोल तब खुली जब अग्नि प्रज्ज्वलित करने से पहले ही वह हिलने लगा और कराहने लगा। उसे वापस अस्पताल में लाकर आईसीयू यूनिट में भरती कराया गया और 15 घंटे ही जीवित रहा पर मामला अब उन चिकित्सकों की गले की फांस बन गया है। न जाने कौन सा पल गले की फांस बन जाए, इसलिए हर एक पल को ईमानदारी से निबाहते चलें।

नजरिया

# यही है विश्व गुरु भारत में इंसान की कीमत



निर्मल रानी

**स**त्ता, गोदी मीडिया व 'अंधभक्तों' की जमाअत संयुक्त रूप से भारत को विश्वगुरु साबित करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। 7 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'ज्ञान' व उसकी विचारधारा को भारतीय शिक्षा से जोड़ने का अथक प्रयास करने वाले, शिक्षा बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक दीनानाथ बत्रा का 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे एक राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था विद्या भारती के महासचिव भी थे। बत्रा ने अपना सारा जीवन इसी तरह की बातों को सही साबित करने की कोशिशों में खपा दिया कि हवाई जहाज का अविष्कार राइट ब्रदर्स ने नहीं किया बल्कि यह भारतीय पौराणिक काल की उपलब्धि थी। इसी तरह टेलीविजन के आविष्कार को वे वर्तमान आधुनिक विज्ञान की देन नहीं मानते थे, बल्कि इसे महाभारतकाल के पहले की भारतीय खोज बताते थे। ऐसे सैकड़ों विज्ञान सम्मत बातों पर उनके निजी विचार भले ही विश्व स्वीकार्य हों या न हों परंतु भारत को कथित तौर से 'विश्वगुरु' साबित करने के दिशा में ही एक उठाए गए कदम थे।

परंतु भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में विश्व में स्थापित करने की इन्हीं कोशिशों के बीच शायद हम यह भूल जाते हैं कि विश्व का नेतृत्व करने की आकांक्षा रखने वाले हमारे देश के अपने नागरिकों की जान माल आखिर कितनी सुरक्षित है? और दशकों से इंसानी जान से खिलवाड़ करने वाली ऐसी कमजोर कड़ियों से निपटने का हमने अब तक क्या उपाय किया है? कोई उपाय किया भी है या नहीं? या सत्ता इस बात को ही अंगीकार कर चुकी है कि बिना सुरक्षित उपायों के ही जब जनता को आसानी से मूर्ख बनाया जा सके तो ऐसे किसी उपायों की जरूरत ही क्या है? मिसाल के तौर पर बोरवेल में बच्चों के गिरने की देश में कितनी घटनाएं हो चुकीं। कहीं जांबाज सहायता कर्मियों ने अपने अथक प्रयासों से बच्चे को बोरवेल से बाहर निकाल कर उन्हें बचाया तो कई जगह बच्चों को बचा पाना संभव नहीं हो सका। परंतु ऐसी खबरों का सिलसिला आज भी थमा नहीं है।

कहीं मेन होल टूटने या उसका ढक्कन न होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के कारण लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है तो कभी इसी मेन होल की सफाई करते समय कोई सफाई कर्मचारी जहरीली गैस के कारण अपनी जान से हाथ धो बैठता है। जगह जगह सड़कों पर बने गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। सांड़, गाय व आवारा कुत्ते तो देश के किसी न किसी भाग में रोजाना राहगीरों की जान लेते ही रहते हैं। इन्हीं आवारा पशुओं के कारण अनेक दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कभी कभी तो ट्रेन हादसों की भी झड़ी सी लग जाती है। कभी 30 अक्टूबर 2022 की गुजरात के मोरबी नामक शहर के मच्छु नदी में बने मोरबी पुल टूटने जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित होती है, जिसमें 141 लोगों की नदी मन बह जाने से मौत हो जाती है। कभी अस्पतालों में यहां तक कि बच्चों के अस्पतालों में आग लग जाती है, जिसमें जीवित शिशु झुलस कर मर जाते हैं। ऑक्सीजन की कमी या अभाव से भी लोगों के मरने की खबरें आती ही रही हैं। ऐसे और भी अनेक कारणों से 'विश्वगुरु' देश के वासी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करते।

**बरेली में हुए इस हादसे के बाद अब खोजी पत्रकारों ने दूर दराज के ही नहीं बल्कि राजधानी दिल्ली के कई ऐसे पुल व फ़्लाई ओवर व एक्सप्रेस वे ढूंढ निकाले जो इसी तरह के हादसों को न्यौता देते हैं। इनमें भी कई जगह वाहनों को रोकने के लिए कोई संकेत या अवरोध नहीं हैं।**



इंसान की जान से खिलवाड़ करने वाली सरकारी लापरवाही की ऐसी ही एक दिल दहलाने वाली घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बरेली के निकट फरीदपुर-बदायूं मार्ग पर स्थित राम गंगा नदी पर निर्माणाधीन एक पुल पर हुई। पुल का रास्ता किसी अवरोध या संकेत के माध्यम से बंद नहीं किया गया था। उधर गूगल मैप ने भी इसी आधे अधूरे पुल का मार्ग बताया। उसी मार्ग पर शादी से लौट रहे तीन दोस्त अपनी बुलेरो गाड़ी से पूरी रफ़्तार से इसी विश्वास से चल पड़े कि चूंकि पुल का मार्ग खुला है और गूगल मैप भी यह रास्ता सुझा रहा है लिहाजा मार्ग चालू ही होगा। परन्तु वह अर्धनिर्मित पुल हवा में लटका हुआ था। नतीजतन तेज रफ़्तार बुलैरो नदी में जा गिरी जिससे तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। अब जानकारी मिल रही है कि रामगंगा नदी पर पिछले साल सितंबर में संपर्क मार्ग बह जाने के बाद से ही यह पुल अर्धनिर्मित अवस्था में ही पड़ा हुआ है। अब यह भी बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग ने रामगंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल से पहले किसी तरह का बैरियर या अवरोध नहीं लगाया था। इस हादसे का जिम्मेदार पुल निर्माण करने वाली कंपनी, इसके ठेकेदार व प्रशासन की लापरवाही को भी बताया जा रहा है। वाहनों को पुल पर आने से रोकने के लिए लोगों को सावधान करने की गरज से यहां कोई बोर्ड, संकेत या सूचना नहीं लगाई गई है अथवा किसी तरह का अवरोध नहीं लगाया गया था। यहां तक कि संबंधित विभाग ने गूगल मैप पर रूट में बदलाव भी नहीं करवाया था। अर्थात यह पुल अर्धनिर्मित है, इस बात की जानकारी गूगल पर अपडेट नहीं थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में लोक निर्माण विभाग के चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस को दी गई तहरीर में गूगल मैप्स के क्षेत्रीय प्रबंधक को भी जिम्मेदार माना गया है। इसी तहरीर में आरोप है कि -लोक निर्माण विभाग के इन अधिकारियों ने जानबूझकर पुल के दोनों किनारों पर मजबूत बैरिकेडिंग, बैरियर या रिफ़्लेक्टर बोर्ड नहीं लगवाए, न ही रोड के कटे होने की सूचना के बोर्ड आदि लगवाए गए। बरेली में हुए इस हादसे के बाद जब खोजी पत्रकारों ने दूर दराज के ही नहीं बल्कि राजधानी दिल्ली के कई ऐसे पुल व फ़्लाई ओवर व एक्सप्रेस वे ढूंढ निकाले जो इसी तरह के हादसों को न्यौता देते हैं। इनमें भी कई जगह वाहनों को रोकने के लिए कोई संकेत या अवरोध नहीं हैं। धर्म रूपी अफीम की चाशनी में डूबकर विश्व गुरु बनने के सपने लेते रहें।

# उर्विल पटेल ने जड़ा सबसे तेज टी-20 शतक

## गुजरात ने त्रिपुरा को हराया

● इंदौर,

**उर्विल** पटेल की (नाबाद 113) रनों की रिकॉर्ड तोड़ ऐतिहासिक शतकीय पारी के दम पर गुजरात ने सैयद मुश्ताक अली टॉफी में त्रिपुरा को आठ विकेट से शिकस्त दी। गुजरात ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी त्रिपुरा ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 155 रन का स्कोर खड़ा किया। गुजरात की ओर से ए नागवासवाला ने 4 ओवर में 35 रन देकर तीन विकेट लिए। चिंतन गजा ने तीन ओवर में 18 रन देकर दो बल्लेबाजों को आउट किया।

बुधवार को 156 रनों का पीछा करते हुए गुजरात ने यह लक्ष्य 10.2 ओवरों में ही हासिल कर लिया। दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल ने 35 गेंदों पर (नाबाद 113) रनों की पारी खेली। उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए अपनी इस पारी में सात चौके और 12 गगनचुंबी छक्के लगाये। गुजरात ने यह मैच आठ विकेट से जीत लिया। टी-20 प्रारूप में



किसी भी भारतीय का सबसे तेज और विश्व में दूसरा सबसे तेज शतक है। पिछले साल किसी भारतीय द्वारा लिस्ट ए मैचों में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने के बाद गुजरात के सलामी बल्लेबाज उर्विल पटेल ने टी-20 मैच में भी 28 गेंदों में शतक लगाया है। उर्विल ने सैयद मुश्ताक अली टॉफी में त्रिपुरा के खलाफ यह कारनामा किया। टी-20 में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड इस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम दर्ज है। साहिल इस साल जून में साइप्रस के खिलाफ 27 गेंदों में शतक लगाया था। सबसे तेज टी-20 शतक का भारतीय रिकॉर्ड अभी तक ऋषभ पंत के नाम दर्ज था। उन्होंने जनवरी 2018 में सैयद मुश्ताक अली टॉफी में ही हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 32 गेंदों में शतक लगाया था। पिछले साल नवंबर में 27 साल के उर्विल ने 41 गेंदों में लिस्ट ए शतक लगाया था। सबसे तेज लिस्ट ए शतक का भारतीय रिकॉर्ड युसूफ पठान के नाम है, जिन्होंने 40 गेंदों में यह कारनामा किया था। उर्विल आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के साथ थे, लेकिन उन्हें कोई मैच नहीं मिला था। 2024 में गुजरात टाइटंस ने उन्हें रिलीज कर दिया था। आईपीएल 2025 में भी उनका नाम नीलामी सूची में था, लेकिन वह किसी भी टीम का हिस्सा नहीं बन सके।

# जांच नमूना देने से इनकार करने पर बजरंग चार साल के लिए निलंबित

**नई दिल्ली, वार्ता :** पहलवान बजरंग पूनिया को राष्ट्रीय टीम के चयन ट्रायल में डोप जांच नमूना देने से इनकार करने पर राष्ट्रीय एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने चार साल के लिए निलंबित कर दिया है।

टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक विजेता पूनिया को इससे पहले नाडा ने 23 अप्रैल को अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। इसके बाद विश्व कुश्ती संगठन ने भी उनके खिलाफ कार्रवाई की थी। पूनिया ने इस निलंबन के खिलाफ अपील की थी, जिसके बाद इसे 31 मई तक रद कर दिया गया था। इसके बाद एनएडीए ने 23 जून को पूनिया को नोटिस जारी किया था। पूनिया ने 11 जुलाई को इस फैसले को चुनौती दी थी, जिसके बाद 20 सितंबर और चार अक्टूबर को सुनवाई हुई। अब अपने आदेश में एनएडीए के डोपिंग पैनल एडीडीपी



ने पूनिया के चार साल के निलंबन को जारी रखा है। इस निलंबन के कारण पूनिया को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में भाग लेने और विदेश में प्रशिक्षण की अनुमति नहीं होगी।

## सार संक्षेप

### सीनियर स्टेट आर्टिस्टिक जिमनास्टिक चैंपियनशिप का समापन

उदयपुर : राजस्थान राज्य जिमनास्टिक संघ के तत्वावधान में नारायण सेवा संस्थान परिसर में चल रही तीन दिवसीय सीनियर स्टेट जिमनास्टिक चैंपियनशिप का बुधवार को समापन हुआ। उदयपुर जिला जिमनास्टिक संघ के अध्यक्ष हिम्मत सिंह चौहान ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि नारायण सेवा के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल तथा नितुल चंडालिया, अतुल चंडालिया,अंतर्राष्ट्रीय तैराकी कोच दिलीप सिंह चौहान, राजेन्द्र नलवाया, राजस्थान राज्य जिमनास्टिक अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़, परमेश्वर कुमार एवं कान सिंह राठौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर अग्रवाल ने खिलाड़ियों का भरपूर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में जोधपुर की टीम प्रथम स्थान पर रही तथा नागौर, अजमेर की टीम द्वितीय एवं तृतीय पर रहीं। वहीं पुरुष वर्ग में जोधपुर की टीम प्रथम, भीलवाड़ा की द्वितीय और उदयपुर की टीम तृतीय स्थान पर रहीं।

### यूपी ने मणिपुर को हराया

**मुंबई** : सैयद मुश्ताक अली टॉफी में बुधवार को खेले गये ग्रुप सी के मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने मणिपुर को सात विकेट से हराया। उत्तर प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मणिपुर ने उलेन्याई ख्वाइराकपम (30), जॉनसन सिंह (25), सद्दाम अहमद शाह (20) कप्तान रेक्स राजकुमार सिंह (12) और एस सिंह (10) के योगदान से निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 110 रन का स्कोर खड़ा किया। मणिपुर के 110 रनों के जवाब में आर्यन जुयाल (55), माधव कौशिक (22), नीतीश राणा (नाबाद 20) के आतिशी योगदान से उत्तर प्रदेश ने 11.2 ओवर में तीन विकेट पर 112 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आर्यन जुयाल को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

### बंगाल ने मिजोरम को हराया

**सौराष्ट्र** : बंगाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मिजोरम ने मोहित जांगड़ (नाबाद 80) की तूफानी पारी और एफ वनलालमुआनजुआला (20), ललहरियाट्रेंगा (नाबाद 17), जेहु एंडरसन (14) और अग्नि चोपड़ा (13) के योगदान से निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन का स्कोर बनाया। अभिषेक पोरेल (81) और करण लाल (67) की शानदार तूफानी बल्लेबाजी के दम पर बंगाल ने 15.3 ओवर में दो विकेट पर 158 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। अभिषेक पोरेल को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

### चंबा में पर्वतारोहण व ट्रैकिंग पर आगामी आदेशों तक प्रतिबंध

**चंबा** : हिमाचल प्रदेश के चंबा के जिला दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुकेश रेपसवाल की ओर से ज़िला में सार्वजनिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 34 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में ट्रैक और चोटियों पर ट्रैकिंग व पर्वतारोहण गतिविधियों पर आगामी आदेशों तक रोक लगाई गई है जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। रेपसवाल ने जारी किए गए आदेश में कहा है कि चूंकी जिला चम्बा ट्रैकिंग और पर्वतारोहण से जुड़ी गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण है। पर्यटकों को सर्दी के मौसम के दौरान अचानक मौसम बिगड़ने, भारी बर्फबारी और एवलांच के खतरे से वचाव के मध्यनजर यह फैसला लिया गया है। उन्होंने टूर ऑपरेटर, गाइड और आम व्यक्तियों को जारी किए गए आदेश का पालन करने के निर्देश दिये है।

# बुमराह टेस्ट रैंकिंग में फिर बने नंबर-1 गेंदबाज

## बल्लेबाजी में जायसवाल दूसरे नंबर पर पहुंचे, विराट कोहली को 9 स्थान का फायदा




● दुबई,

**भारतीय** टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में एक बार फिर टॉप पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने बुधवार को नई रैंकिंग जारी की।

बुमराह ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट झटके थे। बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था। बुमराह ने साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा को पीछे छोड़ा और एक कैलेंडर ईयर में दूसरी बार टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के शुरू होने से पहले बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में रबाडा और जोश हेजलवुड के बाद तीसरे स्थान पर थे। श्रीलंका के खिलाफ साउथ अफ्रीका की तेज गेंदबाजी की अगुआई कर रहे रबाडा टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड तीसरे स्थान पर हैं। भारत को ऑस्ट्रेलिया पर मिली 295 रनों की जीत में अहम योगदान देने वाले यशस्वी जायसवाल ने भी रैंकिंग में छलांग लगाई है। यशस्वी बैटिंग रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उनसे आगे फिलहाल इंग्लैंड के जो रूट हैं। यशस्वी की रेटिंग अंक 825 है जो उनके करियर की बेस्ट रेटिंग है। यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 161 रनों की पारी खेली थी। हालांकि वह पहली पारी में खाता भी नहीं खोल सके थे। यशस्वी ने केएल राहुल के साथ पहले विकेट के लिए 201 रनों की साझेदारी की थी। यशस्वी ने दूसरी पारी में 161 रन की पारी




खेली थी। पर्थ टेस्ट में नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले स्टार बैटर विराट कोहली को भी नौ स्थान का फायदा हुआ है और वह 13वें स्थान पर आ गए हैं। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 100 रन बनाए थे। यह उनका टेस्ट में 30वां शतक था। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन खराब फॉर्म के चलते 14वें स्थान पर खिसक गए हैं। स्टीव स्मिथ और उस्मान ख्वाजा को भी दो और चार स्थान का नुकसान हुआ है।

# बांग्लादेश की जीत में चमकीं शर्मिन

● ढाका,

**शर्मिन** अख्तर (96) और फरगाना हक (61) की शानदार बल्लेबाजी के बाद सुलताना खातून (तीन विकेट), मारुफा अख्तर और नाहिदा अख्तर (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश की महिला टीम ने बुधवार को एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड की महिला टीम को 154 रनों से हरा दिया है।

253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने 10 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। उसके बाद ओर्ला प्रेंडरगैस्ट और सारा फोर्ब्स ने पारी को संभालने का प्रयास किया। नाहिदा अख्तर ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (19) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। सारा फोर्ब्स (25) रन बनाकर आउट हुई। लौरा डेलानी ने (22) रन



बनाये। आयरलैंड टीम के आठ खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के गेंदबाजों के आगे आयरलैंड की पूरी टीम 28.5 ओवर में 98 रन पर ढेर हो गई। बांग्लादेश की ओर से सुलताना खातून ने तीन विकेट लिये। मारुफा अख्तर और नाहिदा अख्तर को दो-दो विकेट मिले।

### बांग्लादेश की महिला टीम ने आयरलैंड को 154 रनों से हराया

इससे पहले बांग्लादेश की महिला टीम ने टॉस जीतकर आयरलैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। फरगाना हक और मुर्शिदा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 59 रन जोड़े। 19वें ओवर में लौरा डेलानी ने मुर्शिदा खातून (38) को आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद शर्मिन अख्तर और फरगाना हक के बीच दूसरे विकेट के लिये 104 रनों की साझेदारी हुई। 37वें ओवर में एमी मैग्वायर ने फरगाना हक (61) को आउट कर इस साझेदारी तोड़ी।

# सिंधु-लक्ष्य ने जीत से की शुरुआत

● लखनऊ,

**शीर्ष** वरीय भारत की पीवी सिंधु व लक्ष्य सेन ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में उम्दा जीत से अभियान शुरू करते हुए क्रमशः महिला व पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

दूसरी वरीय मालविका बंसोड, पांचवीं वरीय अनुपमा उपाध्याय महिला एकल और तीसरी वरीय किरन जार्ज व आठवीं वरीय आयुष शेट्टी पुरुष एकल के अंतिम 16 में पहुंच गए। शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो की भारतीय जोड़ी के साथ श्रुति मिश्रा व प्रिया कोन्जेंगबम ने भी महिला युगल प्री क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में आयोजित 2,10,000 अमेरिकी डालर की इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में महिला एकल में ओलंपिक रजत विजेता व शीर्ष वरीय पीवी सिंधु ने उभरती हुई भारतीय स्टार अनमोल खरब के खिलाफ 21-17, 21-15 से



जीत दर्ज की। एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता अनमोल ने कुछ बेहतरीन शॉट खेलते हुए बढ़त बनाई लेकिन दो साल बाद चैंपियनशिप में उतरी सिंधु ने अपने अनुभव का खासा इस्तेमाल करते हुए पहला गेम कुछ संघर्ष के बाद जीता। दूसरे गेम में सिंधु शुरु में पिछड़ गयी थी लेकिन उन्होंने जोरदार कोर्ट कवरेज से वापसी की।

# वर्षा बाधित टेस्ट में श्रीलंका ने चार विकेट झटकर मैच पर बनाई पकड़

● डरबन,

**वर्षा** बाधित पहले टेस्ट मैच में बुधवार को श्रीलंकाई गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 के स्कोर पर दक्षिण अफ्रीका चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेज कर मैच पर अपना पकड़ बना ली हैं।

यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। एडन मारक्रम (09) और टोनी डी जोर्जी (04) रन बना कर आउट हुये। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान टेम्बा बावुमा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में लाहिरू कुमारा ने ट्रिस्टन स्टब्स (16) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद डेविड बेडिंगम (04) को कुमारा ने अपना शिकार बनाया। वर्षा बाधित मुकाबले में दिन का खेल समाप्त होने के समय दक्षिण अफ्रीका 20.4 ओवर में चार विकेट पर 80 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। कप्तान टेम्बा बावुमा (नाबाद 28)



और काइल वेरिन (नाबाद चार) क्रीज पर थे। श्रीलंका की ओर लाहिरू कुमार ने दो विकेट लिये। असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 201 रन से हराया

## सीरीज में 1-0 से आगे, शतक लगाने वाले जस्टिन ग्रीव्स बने प्लेयर ऑफ द मैच

● एंटीगुआ,

**बांग्लादेश** की टीम को वेस्टइंडीज दौरे पर खेले गए पहले टेस्ट में 201 रन से हार का सामना करना पड़ा है। एंटीगुआ टेस्ट में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के सामने जीत के लिए 334 रन टारगेट रखा था। बांग्लादेश की टीम महज 132 रन ही बना पाई। टीम का आखिरी बल्लेबाज रिटायर्ड हर्ट हुआ। दो टेस्ट मैचों की सीरीज में बांग्लादेश पर वेस्टइंडीज ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

वेस्टइंडीज ने पहली पारी में नौ विकेट पर 450 रन बनाए थे, जिसके जवाब में बांग्लादेश की टीम ने नौ विकेट पर 269 रन पर पारी घोषित कर दी थी। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 152 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश के बल्लेबाज भी दूसरी पारी में कुछ खास नहीं कर पाए और पूरी टीम दूसरी पारी में 132 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के कप्तान ने




टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया था। वेस्टइंडीज के लिए पहली पारी में 10 महीने बाद टीम में वापसी कर रहे जस्टिन ग्रीव्स ने 115 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज ने 9 विकेट पर 450 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी थी। ग्रीव्स के अलावा मिकाइल लुइस ने 218 गेंदों का सामना कर 97 रन और एलिक एथनाज ने 130 गेंदों का सामना कर 90 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से हसन महमूद ने 3 विकेट और तस्कीन अहमद और मेहदी हसन मिराज ने 2-2 विकेट लिए। तैजुल इस्लाम को एक विकेट मिला। वहीं बांग्लादेश की टीम को 9 विकेट पर 269 रन पर अपनी पहली पारी घोषित करनी पड़ी। मोमिनुल हक ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 116 बॉल पर 50 रन बनो। अल्जारी जोसेफ ने 3 और जेडन सील्स ने 2 विकेट लिए। दूसरी पारी में तस्कीन अहमद ने 6 विकेट लेकर वेस्टइंडीज को 152 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। उनके अलावा मेहदी हसन मिराज ने 2 विकेट लिए। जबकि शोरिफुल इस्लाम और तैजुल इस्लाम ने 1-1 विकेट लिए। वेस्टइंडीज के लिए दूसरी पारी में एलिक एथनाज ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 40 रन से ज्यादा स्कोर नहीं कर पाया। वहीं बांग्लादेश के बैटर गेंदबाजों की सफलता फायदा नहीं उठा पाए और दूसरी पारी में 132 रन ही बना सके। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने सबसे ज्यादा 45 रन बनाए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)